卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 130 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦14 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## अतिक्रमण हटाने के लिए चिन्हीकरण से हड़कम्प

**डीएम ने निरीक्षण कर कराई नाप जोख, सैकड़ों दुकानों पर लटकी तलवार**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के बीच से होकर गुजर रहे नैनीताल हाईवे के लोनिवि के अधिकारियों के साथ अटरिया मोड़ से लेकर डिग्री कालेज तक सड़क लेकर व्यापारियों में एक बार फिर हड़कम्प मच गया है। बता दें रूद्रपुर में अब हाईवे का चौड़ीकरण किया जाना है। जिसके लिए एनएचएआई ने कवायद





चौड़ीकरण की कवायद एक बार फिर शुरू हो गयी है। चौड़ीकरण के लिए आज जिलाधिकारी ने एनएचएआई और का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क चौड़ीकरण के लिए नाप जोख भी की गयी। अतिक्रमण के चिन्हीकरण को हाईवे पर पूर्व में फ्लाईओवर का निर्माण प्रस्तावित था। व्यापारियों के विरोध के बाद हाईवे का प्रस्ताव खारिज हो गया। शुरू कर दी है। इसी को लेकर जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने मंगलवार को एनएचएआई की (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाइक खाई में गिरने से युवक की मौत


देहरादून (उद संवाददाता)। कालसी चकराता मार्ग पर एक बाइक सवार गहरी खाई में जा गिरा, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक चकराता मोटर मार्ग पर जजरेड पहाडी के पास एक बाइक सवार गहरी खाई में गिर गया। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कालसी पुलिस ने इसकी सूचना एसडीआरएफ को दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही



एसडीआरएफ और कालसी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम ने नीचे खाई में उतरकर बाइक सवार को रेस्क्यू किया(शेष पृष्ठ सात पर)

## जेल में बंद कुख्यात सुनील राठी ने मांगी पचास लाख की रंगदारी

हरिद्वार (उद संवाददाता)। कनखल निवासी एक कारोबारी से जेल में बंद कुख्यात सुनील राठी ने 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी है। राठी ने व्हाट्सएप पर




कॉल कर रकम न मिलने पर रोशनाबाद में उसके प्लाट पर अपने आदमियों से कब्जा कराने की धमकी भी दी। इससे पहले भी राठी के गुर्गे कारोबारी और उसके भाई को हथियार दिखाकर धमकी दे चुके हैं। जिसके चलते सिडकुल थाने में कुख्यात सुनील राठी और उसके पांच गुर्गों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि कई साल पहले उत्तराखंड की जेल से कुख्यात सुनील राठी को उत्तर प्रदेश की जेल में शिफ्ट किया गया था। 2018 तक राठी बागपत जेल में बंद था। 2018 में अंसारी गैंग के बदमाश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के माफिया डॉन प्रेमप्रकाश उर्फ मुन्ना (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रसव के दौरान महिला की मौत,लापरवाही का आरोप

**केलाखेड़ा के नर्सिंग होम में घटना, वीडियोग्राफी के बीच किया गया पोस्टमार्टम**

काशीपुर(उद संवाददाता)। केलाखेड़ा के एक निजी अस्पताल में



प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण देर रात विवाहिता की मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकों की लापरवाही के कारण प्रसूता की मौत हुई। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उसे पीएम हाउस भेज दिया। जहां वीडियोग्राफी के बीच चिकित्सकों के पैनल द्वारा मृतका का पोस्टमार्टम किया गया। जानकारी के मुताबिक वार्ड नंबर 9 आजाद नगर केलाखेड़ा निवासी मोहम्मद जसीन पुत्र मोहम्मद शेख जादे की शादी लगभग 2 वर्ष पूर्व कैमरी बिलासपुर जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी 24 वर्षीय तबस्सुम नामक युवती से हुई। बताते हैं कि सोमवार की देर रात होने पर प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने उसे तत्काल केलाखेड़ा स्थित गांधी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। यहां ऑपरेशन से विवाहिता ने पुत्र को जन्म दिया लेकिन इसी के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण विवाहिता की हालत बेहद नाजुक हो गई। मृतका के पति जसीन ने बताया कि उसकी पत्नी तबस्सुम की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए। रात्रि लगभग 2 बजे उसे बताया गया कि उसकी पत्नी अब दुनिया में नहीं रही। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के पति जसीन ने साफ कहा कि चिकित्सकों की लापरवाही के कारण (शेष पृष्ठ 7पर)

### नर्सिंग होम में नहीं थी महिला चिकित्सक

काशीपुर। तबस्सुम की मौत ने निजी अस्पताल के चिकित्सकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। मृतका के पति ने बताया कि नर्सिंग होम में कोई महिला चिकित्सक नहीं थी। उसकी पत्नी का ऑपरेशन तीन कथित चिकित्सकों ने किया। उसने यह भी आशंका जताई कि पत्नी की मृत्यु डिलीवरी के बाद हो चुकी थी लेकिन उसे इसकी सूचना देर रात्रि दी गई। डिलीवरी के वक्त उसे ब्लड लेने के लिए चिकित्सकों ने बाजपुर भेजा था लेकिन इसी बीच पत्नी की मृत्यु हो गई।

## पिता ने नाबालिग पुत्री से किया दुष्कर्म

रामनगर(उद संवाददाता)। पिता-पुत्री के पवित्र रिश्तों को कलंकित करने की शर्मनाक घटना प्रकाश में आयी है। पिता पर 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में यह घटना सामने आयी है। कोतवाली पहुंची एक महिला ने बताया उसके पति ने नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया है। इस पर पुलिस (शेष पृष्ठ 7पर)

## बसपाइयों ने फूंका नेता प्रतिपक्ष का पुतला

काशीपुर(उद संवाददाता)। औद्योगिक आस्थान महुआखेड़ा गंज में बसपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। स्थानीय लोगों के साथ सैकड़ों की तादाद में जुटी बसपा इयों ने कहा कि देश और प्रदेश की भांति कांग्रेस का इस बार महुआ खेड़ा गंज से भी सफाया होना तय है। बसपा कार्यकर्ता इस बात को लेकर गुस्से में थे कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य पूर्व में कई बार सत्ता में रहते हुए भी बुरी तरह से जर्जर बरखेड़ा पांडे महुआखेड़ा लिंक मार्ग को आज तक दुरुस्त नहीं करा सके। क्षेत्रीय जनता का आरोप है कि नेता प्रतिपक्ष ने उनकी अपेक्षाओं पर



कुठाराघात किया। ज्ञातव्य है कि आगामी 19 फरवरी को कांग्रेस पार्टी द्वारा महुआ खेड़ा गंज में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसी को लेकर क्षेत्रवासी बसपा के बैनर तले लामबंद होने लगे हैं। लोगों का कहना है कि जिस कांग्रेस को रोड से रोड जुड़वाने का काम करना चाहिए था आज वह क्षेत्रीय जनता को एक बार फिर से भ्रमित करके हाथ से हाथ जोड़ो (शेष पृष्ठ सात पर)

## गृह क्लेश के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जा

काशीपुर(उद संवाददाता)। जसपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नत्था सिंह में गृह क्लेश से आजिज एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने मंगलवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला नत्था सिंह जसपुर निवासी कमल सिंह 28 वर्ष पुत्र उमराव सिंह की शादी को लगभग 5 वर्ष हुए। वह तीन भाई हैं। बताया गया कि उसकी एक भाई की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। कमल भाइयों में छोटा है। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से परिवार में किसी बात को लेकर क्लेश चल रहा था इसी को लेकर सोमवार की देर शाम कमल ने फांसी लगा ली। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है। उधर दूसरी ओर कमल की मौत को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

## सरकड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा के खिलाफ विजिलेंस जांच के आदेश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में सितारगंज की सरकड़ा चौकी के इंचार्ज कविंद्र शर्मा के खिलाफ विजिलेंस जांच के आदेश हुए हैं। कविंद्र शर्मा नैनीताल जिले की पीरुमदारा चौकी के इंचार्ज भी रहे हैं। उत्तराखंड शासन के अपर सचिव ललित मोहन रयाल की ओर से इस संबंध में निदेशक सतर्कता अधिष्ठान को आदेश जारी किए गए हैं। कविंद्र पर आरोप है कि पीरुमदारा चौकी में तैनाती के दौरान पद का दुरुपयोग (शेष पृष्ठ सात पर)

## समाजसेवी परमजीत सिंह ग्रोवर का हार्ट अटैक से निधन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यवसायी सरदार परमजीत सिंह ग्रोवर का हृदय गति रूकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। तमाम राजनैतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की और श्रद्धांजलि दी। मुख्य बाजार स्थित दशमेश इंपोरियम के स्वामी वरिष्ठ समाजसेवी सरदार परमजीत सिंह को आज सुबह अचानक हृदय आघात होने पर



अस्पताल ले जाया गया जहां उनका निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से परिवार में कोहराम मचा है। वहीं क्षेत्र में शोक की लहर है। निधन का समाचार सुनकर ओमेक्स कालोनी स्थित उनके निवास पर राजनैतिक (शेष पृष्ठ सात पर)

## फैक्ट्री से पार्ट्स चोरी कर ले जाता कर्मचारी पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत कर्मी को सुरक्षा कर्मियों ने पार्ट्स चोरी कर ले जाते पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। सिडकुल चौकी में दर्ज कराई रपट में सनसेरा कंपनी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर कमलेश जोशी पुत्र चन्द्र वल्लभ जोशी निवासी कंजाबाग रोड ग्राम बिगराबाग थाना खटीमा ने कहा है कि फैक्ट्री में बजाज की बाइको के पार्ट्स बनते हैं। उसकी ड्यूटी कंपनी में सुरक्षा हेतु थी। सुबह वह अपने गार्ड जमनी राम के साथ कंपनी परिसर में मैटेरियल गेट नंबर 2 पर ड्यूटी पर था। उन्होंने देखा कि कंपनी में काम करने वाला एक लड़का कंपनी के अंदर से गियर शिफ्टर पार्ट्स को अपनी पेन्ट में छिपाकर ले जा रहा था जिसे मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 34 पीस गियर शिफ्टर पार्ट्स बरामद हुए। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विजेन्द्र सिंह पुत्र वीर सिंह निवासी ट्रांजिट कैम्प मूल निवासी ग्राम सुजातगंज थाना पटवाई जिला रामपुर बताया। उसने बताया कि वह इन पार्ट्स को कंपनी के अंदर से चोरी करके लाया है जिन्हें बाहर (शेष पृष्ठ सात पर)



**रस्म पगड़ी**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माताजी **श्रीमति सीमा नारंग पत्नि स्व. श्री राजेन्द्र नारंग जी** का आकस्मिक निधन दिनांक 06/02/2023 को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु रखे गये पाठ का **भोग एवं रस्म पगड़ी दिनांक 15/02/2023 दिन बुधवार** को दोपहर 1 से 2 बजे नीलकण्ठ मंदिर, आदर्श कालोनी, रूद्रपुर में सम्पन्न होगी।

**-शोकाकुल परिवार-**

सुभद्रा-सुभाष बठला (माता पिता)
सुरेन्द्र बठला-सोनिया (भाई-भाभी)
**निवास**-आदर्श कालोनी, रूद्रपुर,
मो. 8650000922,9639998198
नोट: अलग से कार्ड नहीं भेजे जा रहे हैं।

इंदर नारंग-अदिति नारंग (पुत्र-पुत्रवधु)
मोहित नारंग (पुत्र),मनीष नारंग (पुत्र)
स्व. बिहारी लाल-वीना (जेठ-जेठानी)
स्व. श्याम लाल-फूला रानी (जेठ-जेठानी)
हरीश-नीलम (जेठ-जेठानी)

# पुलिस ने किया पत्थरबाजों का चिन्हीकरण,फोटो सार्वजनिक किये

## जेल में बंद उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार सहित 13 आरोपितों की जमानत याचिका पर कोर्ट आज दे सकता है फैसला



देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून में गत नौ फरवरी को राजपुर रोड स्थित गांधी पार्क के बाहर पथराव करने वाले कुछ उपद्रवियों को पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर चिह्नित किया है। पुलिस की ओर से उपद्रवियों की फोटो भी सार्वजनिक किए गए हैं। साथ में आमजन से अपील की है कि यदि वह पत्थरबाजों को पहचानते हैं तो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मोबाइल नंबर 9997233033 पर वाट्सएप के माध्यम से जानकारी दे सकते हैं। परीक्षाओं में धांधली के विरोध में उत्तराखंड बेरोजगार संघ की ओर से सात फरवरी की रात से आंदोलन शुरू किया गया था। रात को ही पुलिस ने गांधी पार्क के बाहर धरने पर बैठे कुछ युवाओं को हिरासत में लिया था। इसके बाद नौ फरवरी को मामला गरमा गया और चार से पांच हजार के बीच युवा एकत्रित हुए और देखते ही देखते कुछ उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव व तोड़फोड़ शुरू कर दी। अब पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर पत्थरबाजों को चिह्नित कर रही है। शुरुआती जांच में पुलिस ने कुछ उपद्रवियों को चिह्नित कर लिया है। अभी पुलिस के पास काफी ऐसे वीडियो हैं, जिनमें उपद्रवी पथराव व तोड़फोड़ कर रहे हैं। जल्द ही ऐसे आरोपितों के फोटो भी सार्वजनिक किए जा सकते हैं। उपद्रव, पथराव, बलवा और सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में गिरफ्तार उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार सहित 13 आरोपितों की जमानत याचिका पर सोमवार को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक




मजिस्ट्रेट मोहम्मद याकूब की कोर्ट में सुनवाई हुई। हालांकि, कोर्ट ने आरोपितों की जमानत पर कोई फैसला नहीं दिया। मंगलवार को इस संबंध में फैसला दिया जा सकता है। शासकीय अधिवक्ता की ओर से कोर्ट में उपस्थित हुए संयुक्त निदेशक (कानून) जीएस पंचोली ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि बचाव पक्ष ने 11 फरवरी को प्रस्तुत जमानत प्रार्थनापत्र की द्वितीय प्रति उपलब्ध नहीं कराई थी। साथ ही कहा कि जमानत पर सुनवाई से पूर्व विस्तृत आख्या सीडी सहित विवेचक को तलब किया जाना आवश्यक है। इसके लिए पांच दिन का समय प्रदान करने की याचना की गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल, सचिव अनिल शर्मा, शिवा वर्मा और अजय त्यागी उर्फ रोबिन ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को ही छह आरोपितों की जमानत मंजूर कर ली गई थी, शेष आरोपितों की याचिका पर सुनवाई के लिए सोमवार की तिथि नियत की गई थी। बचाव पक्ष ने कहा कि अभियोजन पक्ष सुनवाई में विलंब करना चाहता है। तर्क दिया गया कि अभियोजन अधिकारी को जमानत प्रार्थनापत्र की जानकारी पहले से है, इसलिए उनको अपनी आपत्ति और सीडी सोमवार को ही दाखिल करनी चाहिए थी। साथ ही दलील दी गई कि आरोपितों का जमानत प्रार्थनापत्र 11 फरवरी से लंबित है और उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सात दिन के भीतर प्रार्थनापत्र का निस्तारण किया जाना चाहिए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अभियोजन पक्ष को एक दिन का समय देते हुए 14 फरवरी को सुबह 11 बजे तक विवेचक को मामले की विस्तृत आख्या सीडी सहित न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया है।

# पीसीएस की मुख्य परीक्षा सहित सभी भर्ती परीक्षाएं निर्धारित समय पर होगी : राधा रतूड़ी

देहरादून। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी से सचिवालय में उत्तराखण्ड पीसीएस मुख्य परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात कर निवेदन किया कि 23 से



26 फरवरी 2023 के बीच आयोजित करवायी जाने वाली पीसीएस की मुख्य परीक्षा तय समय के अनुसार आयोजित की जाए। अभ्यर्थियों ने यह भी अनुरोध किया कि आगामी परीक्षाओं को समय पर आयोजित करवाने के सम्बन्ध में किसी प्रकार का संशय न रहे, ताकि राज्य में युवाओं का मनोबल न टूटे। युवाओं ने देश के सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू करने हेतु मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। अभ्यर्थियों ने कहा कि युवाओं की भावनाओं को समझते हुए सरकार द्वारा इतने कम समय पर यह नकल विरोधी कानून राज्य में लागू किया गया है। इस कड़े नकल विरोधी कानून से राज्य के युवा पूरी तरह से संतुष्ट हैं व युवाओं का व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास है।श्रीमती राधा रतूड़ी ने सभी अभ्यर्थियों को आश्वस्त किया कि पीसीएस मुख्य परीक्षा सहित सभी भर्ती परीक्षाएं निर्धारित समय पर ही आयोजित की जाएंगी। राज्य में भर्ती परीक्षाओं हेतु कड़ा परिश्रम करने वाले हमारे हजारों युवाओं के मनोबल को टूटने नही दिया जाएगा। एसीएस ने कहा कि सरकार एवं प्रशासन राज्य में आयोजित होने वाली सभी भर्ती परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता से समय पर आयोजित करवाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। गत दिवस प्रदेश में पटवारी और लेखपाल की भर्ती परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित करवाई गई है। अपर मुख्य सचिव ने राज्य के सभी युवाओं से अपील की कि प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी में लगे समस्त युवक-युवतियां पूरी लगन और मेहनत से तैयारी करें व भविष्य के प्रति सकारात्मक रहें। सभी अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की अफवाहों में विश्वास ना करें तथा ना ही अफवाहों के प्रचार-प्रसार में भाग लें। अपर मुख्य सचिव से पीसीएस मुख्य परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों में से सक्षम चौहान, वैभव देवल, अपूर्व देवल, बृज मोहन जोशी, शैलेश सती, अर्चना नेगी, आलोक भट्ट, श्वेता शर्मा ने मुलाकात की।

# सील होनी चाहिए या नहीं होनी चाहिए?

## प्रश्न पत्र की सील फटने पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी उठाये गंभीर सवाल

देहरादून( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट किया कि नकल रोधी कानून स्कूलों और डिग्री कालेज की परीक्षाओं पर लागू नहीं होगा। यह भर्ती परीक्षाओं में नकल और धांधली रोकने लिए लाया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नकल रोधी कानून केवल सरकारी भर्ती के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं पर लागू होगा। उन्होनें कहा कि युवाओ को आगामी भर्तियों की तैयारियों में जुटना चाहिये। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर साझा की गई एक पोस्ट में बताया कि एक समाचार है कि



बड़कोट के नौजवान अरुण को इस आधार पर नकल विरोधी कानून के अंतर्गत मुकदमाबद्ध किया गया है क्योंकि उसने प्रश्न पत्र पर सील न होने की शिकायत की। पोर्टल के लिए वह समाचार है उसने प्रकाशित किया। प्रश्न यह है कि सील है या नहीं है? या सील होनी चाहिए या नहीं होनी चाहिए? यदि होनी चाहिए तो फिर क्यों नहीं है? और यदि नहीं होनी चाहिए तो फिर स्पष्ट होना चाहिए कि सील होने की आवश्यकता नहीं है और यह बात सब परीक्षार्थियों को मालूम होनी चाहिए कि प्रश्न पत्रों को सील नहीं किया जा रहा है। यदि प्रश्न पत्रों को सील किया जाना आवश्यक है तो फिर अरुण का गुनाह क्या है? और उस पोर्टल का गुनाह क्या है? आप मैसेंजर को सूट करेंगे तो इसका अर्थ है आप जानकारियों को दबाएंगे! पहले भी यह चर्चा में रहा है कि पीसीएस की परीक्षाओं में भी बिना सील के या कभी एक सील वाले प्रश्न पत्र दिए गए हैं तो यह कहां तक सत्य हैं! भ्रामक समाचार देना अपराध है, मगर इस भ्रम का निवारण करना किसका कर्तव्य है? यह भी तो निर्धारित होना चाहिए। हम सावधान करते रह गए कि जल्दी बाजी में परीक्षा मत करवाइए। पहले सिस्टम को क्लीनअप कर लीजिए, छात्रों को पूरा विश्वास हो जाए कि सिस्टम क्लीनअप हो गया है तो फिर इस तरीके की स्थितियां नहीं आएंगी। आप जिन छात्रों पर या जिन लोगों पर भी आप मुकदमा करेंगे, नकल विरोधी कानून के तहत नकल माफिया के बजाय जो है, जो नकल माफिया के विक्टिम हैं आप उनको दबाने के लिए इस नकल विरोधी कानून का उपयोग कर रहे हैं! अरुण नाम का छात्र है उसका पहला शिकार हो गया। मैं इस प्रवृत्ति का विरोध करता हूं और यदि ऐसा करना गुनाह है तो हमारे ऊपर भी नकल विरोधी कानून के तहत मुकदमा करिए।

# कावड़ मेला: 18 फरवरी तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कावड़ मेला के दौरान मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारू बनाया रखने तथा कांवरियो की सुरक्षा के मद्देनजर जिले के कई मुख्य मार्गों में भारी वाहनों के प्रवेश पर आगमीज फरवरी तक रोक लगा दी गई है। एसएसपी द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि शारदीय कावड़ मेला के दौरान आगामी 18 फरवरी तक जनपद ऊधमसिंहनगर में भारी संख्या में कावड़ियों क आवागमन रहता है। उक्त कावड़ मेला को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद ऊधमसिंहनगर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध (नो एण्ट्री) आज 14 फरवरी से आगामी 18 फरवरी की मध्य रात्रि तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि एसएच हॉस्पिटल (कोतवाली सितारगंज), पुलभट्टा, लालपुर, (थाना पुलभट्टा), दरउ चौक (थाना किच्छा), महतोष मोड़, मोतियापुर मोड़ (थाना गदरपुर) स्वार बॉर्डर दोराहा, बरहैनी ( थाना बाजपुर) लोहियापुल, पैगा, (थाना आईटीआई) सूर्या बॉर्डर (थाना कुण्डा) प्रतापपुर चौकी (कोतवाली काशीपुर) धर्मपुर बॉर्डर, नादेही बॉर्डर (कोतवाली जसपुर) से भारी वाहनों का आवागमन पूर्णत: प्रतिबन्धित रहेगा। वहीं रामपुर की ओर से आने वाले समस्त भारी वाहन, जिन्हे हल्द्वानी / सिडकुल की ओर जाना है को नो एण्ट्री के नियमों का पालन करते हुये पूर्व की भाँति रात्रि 11:00 बजे से सुबह 07:00 बजे तक चलेंगे। इस दौरान आवश्यक सेवाओं के वाहन जैसे दूध, गैस, फल, सब्जी तथा पैट्रोलियम पदार्थ भरे वाहनों के चलने का समय प्रात: 07:00 बजे से 11:00 बजे तक रहेगा। एसएसपी ने इस संदर्भ में अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 14 फरवरी से 18 फरवरी की मध्य रात्रि तक समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में उपरोक्त स्थानों पर भारी वाहनों का प्रवेश निषेध (नो एण्ट्री) करते हुए यातायात ब्यवस्था बनाये रखने हेतु ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करेंगे।

# पुलिस ने राजस्थान से दबोचा ईनामी अपराधी

सितारगंज(उद संवाददाता)। पुलिस ने महिला की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को एसपी सिटी मनोज कत्याल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि फरवरी 2021 में आरोपी निवासी ग्राम टुंडीला थाना बावनवास जिला सवाई माधोपुर, राजस्थान के सुदामा लाल मीणा का विवाह क्षेत्र के एक गांव की युवती से हुआ था। विवाह के बाद से आरोपी अपनी पत्नी से विवाद करता आ रहा था। जिससे वह मायके चली आई थीं। महिला ने जनवरी 2022 में पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि सुदामा उनकी फोटो वायरल कर आपत्तिजनक टिप्पणियां लिख रहा है। इस दौरान उसने गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी थी। आरोपी लगातार जगह बदलता रहता था।

# किन्नर समाज 17 फरवरी को कटोरी मंदिर रम्पुरा में आयोजित कराएगा विशाल भंडारा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर के किन्नर समाज द्वारा सबकी सुख, शांति, समृद्धि एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने की कामना को लेकर आगामी 17 फरवरी दिन शुक्रवार को महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर रम्पुरा स्थित श्री कटोरी देवी मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए किन्नर समाज की गद्दीनशीन गुरु पिंकी उर्फ सुनीता तथा चेली किन्नर राखी ने बताया कि किन्नर समाज द्वारा हर वर्ष किन्नर समाज की गुरु कटोरी देवी की स्मृति में उनके आर्शीवाद से महा शिवरात्रि पर्व पर सर्व समाज के सुख, शांति, समृद्धि तथा आपसी सौहार्द की कामना के साथ कई धार्मिक आयोजनों के साथ विशाल भंडारा आयोजित किया जाता है। जिसमे आस पास के शहरों के साथ ही दूर दराज क्षेत्रों से भारी संख्या में किन्नर शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी को प्रात: 11 बजे से श्री कटोरी देवी मंदिर में हवन यज्ञ प्रारंभ किया जायेगा। जिसमे किन्नर समाज के साथ अन्य लोग भी शामिल होंगे। हवन की समाप्ति के पश्चात कन्या पूजन किया जायेगा। जिसमे कन्याओं की विधि विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें उपहार दिए जायेंगे और उनका आर्शीवाद लिया जाएगा। गद्दीनशीन गुरु पिंकी उर्फ सुनीता तथा चेली किन्नर राखी ने बताया कि कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारा प्रारंभ होगा। उन्होंने समस्त धर्म प्रेमी जनता से आयोजित उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होने की अपील की है।

# भागवत के बयानों से ब्राह्मण समाज में आक्रोश

काशीपुर(उद संवाददाता)। आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा पंडितों को लेकर दिये गये बयान पर ब्राह्मण समाज का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आज यहां ब्राह्मण सभा समिति ने कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा। इससे पूर्व ब्राह्मण सभा भवन



काशीपुर में एक बैठक अध्यक्ष, ब्राह्मण सभा समिति काशीपुर की अध्यक्षता में हुई थी। बैठक में रविदास जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा ब्राह्मणों के परिप्रेक्ष्य में दिये गये नकारात्मक वक्तव्य की घोर भर्त्सना की गयी। वक्ताओं ने कहा कि यह वक्तव्य तुष्टिकरण की राजनीति से प्रेरित एवं सामाजिक वैमनस्यता को बढ़ावा देने वाला है। उनका कहना था कि पंडित शब्द प्राय: ब्राह्मणों के परिप्रेक्ष्य में ही प्रयोग किया जाता है।और जब अवसर रविदास जयन्ती का हो और शब्द संघ प्रमुख के हों तब सम्पूर्ण समाज को विघटन की स्थिति में पहुँचाने के लियें पर्याप्त है। ज्ञापन देने वालों में ब्राह्मण सभा समिति अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शर्मा, मयंक शर्मा, पीयूष गौड़, सचिन नाडिग, अभिषेक नागर,महेश चंद्र शर्मा, नितिन कौशिक, पंकज शर्मा, हितेश शर्मा, विनायक शर्मा आदि शामिल थे।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमनप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# विधायक शिव ने किया पार्क के सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

## पार्क का सौदर्यीकरण करने पर स्थानीय लोगों ने किया स्वागत

रुद्रपर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने विधानसभा रुद्रपुर के वार्ड नं 25 प्रीत बिहार क्षेत्र में विधायकनिधि से स्व धर्मेंद्र प्रसाद शास्त्री सौन्दर्यीकरण कार्यों को लेकर काफी बार विषय संज्ञान में आया था लेकिन उनकी प्राथमिकता में यह कार्य पहले से था इसलिए उन्होंने अपनी पहली विधायक ायक शिव अरोरा ने कहा एक क्षेत्र की महान जनता के सहयोग और सुझाव को साथ लेते हुए एक विकसित रुद्रपुर के निर्माण की दिशा में क्षेत्र आगे बढ़



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पार्क के सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इससे पूर्व क्षेत्र में पहुँचे विधायक शिव अरोरा का स्थानीय लोगो द्वारा स्वागत अभिनदंन किया गया वहीं विधायक शिव अरोरा ने कहा इससे पहले पार्क के निधि से ही इसके सौंदर्यीकरण के कार्य को करवाना सुनिश्चित किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य गतिमान है। रुद्रपुर के विकास को लेकर एक बेहतरीन सोच ओर विजन के साथ कार्य कर रहे हैं। विध रहा है जिसके परिणाम आने वाले समय के धरातल पर नजर आएंगे। इस दौरान पार्षद सुशील यादव, मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, सोनू अनेजा, राधेश शर्मा, सुनोल ठुकराल, राजन राठौर, राजकुमार कोली व अन्य लोग मौजूद रहे।

## ARCHIDPLY DECOR LIMITED

Registered office Plot no. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estate, SIDCUL, Pant Nagar, Rudrapur, Udham Singh Nagar – 263153, Uttarakhand, website :www.archidplydecor.com
email: bangalore@archidply.com Tel: 05944 250 270 Fax No.05944 250269 CIN : L20231UR2017PLC008626

EXTRACT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31.12.2022 (Rs. In Lakhs)

| Particulars | Quarter ended 31.12.2022 | Quarter ended 30.09.2022 | Quarter ended 31.12.2021 | Nine months ended 31.12.2022 |
|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited |
| Total Income | 1,329.97 | 1,057.54 | 1,183.19 | 3,420.48 |
| Net Profit (Before tax, Exceptional items) | 24.08 | 27.84 | 38.52 | 86.26 |
| Net Profit (Before tax and after Exceptional items) | 24.08 | 27.84 | 38.52 | 86.26 |
| Net Profit for the perod after tax (after exceptional items) | 17.09 | 19.23 | 27.69 | 60.79 |
| Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(loss) for the period (after tax) | 20.08 | 22.22 | 31.47 | 69.76 |
| Paid-up equity share capital (Face value Rs. 10 per share) | 556.63 | 556.63 | 556.63 | 556.63 |
| other Equity | | | | |
| Basic & Diluted Earnings Per Share (EPS) | | | | |
| not annualised | 0.31 | 0.35 | 0.50 | 1.09 |

**Notes: 1.** The above unaudited Financial results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at its meetings held on 13th February, 2023. **2.** This unaudited Financial Results have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Sec 133 of Companies Act,2013 and other recognised accounting practises and policies to the extent applicable. **3.** Figures for the previous periods have been regrouped and reclassified to confirm to the classification of the current period, wherever necessary. **4.** There are no exceptional / extraordinary items during the nine months & quarter ended 31st December, 2022. **5.**The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges and Regulation 33 of the SEBI ( Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and Annual Financial Results are available on the stock exchanges websites - **www.nseindia.com, www.bseindia.com** and on the Company's website **www.archidplydecor.com**

for **Archidply Decor Ltd.,**
**Shyam Daga,** Managing Director
DIN:00561803

Date : February 13, 2023
Place : Bengaluru

# पुलवामा हमले के शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू व कोषाध्यक्ष बलराम हालदार के नेतृत्व में संस्था द्वारा गत 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तानी आतंकी हमले में भारतीय सेना के शहीद जवानो की चौथी पुण्य तिथि पर डीके पार्क में श्रद्धांजलि दी।इस दौरान पीयूष शर्मा व रितिक साहू ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में शहीद भारतीय जवानों की शहादत को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।हम सभी भारतीयों का यह फर्ज है कि भारतीय सेना के त्याग तपस्या अदम्य साहस पराक्रम बलिदान के प्रति सच्ची निष्ठा आस्था रखते हुए हमेशा भक्ति भाव प्रकट करना चाहिए। श्रद्धांजलि देने वालों में संस्था संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय, सचिव नन्दकिशोर आर्या, हेमन्त कुमार साहू, पूजा लटवाल, महेश साहू, उमाकान्त उपाध्याय, देवेश अग्रवाल, रवि गुप्ता, दलजीत सिंह त्रिपाठी, संदीप यादव, नन्दकिशोर आर्या, निलेश गुप्ता, आशुतोष भट्ट, करन अधिकारी, मयंक प्रताप सिंह, शिवम शर्मा, रोहिताश प्रजापति, रोहित



दल्ली, अतुल गुप्ता, मुकेश बिष्ट, मंजू शाह, पूजा, भोला, कंचन जोशी, पूजा रजवार, जानकी रैगाई, सुनीता तिवारी, चंपा भट्ट, बीना अधिकारी, चंपा देव, प्रियांशु आर्या, सुशील राय, मुकेश कुमार, अशोक बाल्मीकि, गोविन्द मिस्त्री, दीपक प्रजापति, सूरज मिस्त्री, सूरज कुम्हार आदि लोग उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन ने किया एक दिवसीय कार्य बहिष्कार

सितारगंज(उद संवाददाता)। बार एसोसिएशन के लोगों ने अपनी मांग को लेकर एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी प्रेषित किया। मंगलवार को उप जिलाधिकारी के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के नोटिफिकेशन के अनुसार समस्त जमीदारी ग्राम अंतर्गत धारा 210 एलआर एक्ट के कलेक्टर की शक्तियों को असिस्टेंट कलेक्टर में निहित की गई है, जिसके अनुसार ही धारा 210 एल आर एक्ट की अपीलों की सुनवाई असिस्टेंट कलेक्टर के द्वारा की जा रही थी। लेकिन जिलाधिकारी उधम सिंह नगर के द्वारा नियुक्त असिस्टेंट कलेक्टर के न्यायालय में लंबित अपीले धारा 210 सुनवाई हेतु अपनी न्यायालय में स्थानांतरित कर ली गई। जो कि स्पष्ट रूप से सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन का उल्लंघन है। इस संबंध में काशीपुर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी से 10 दिन पूर्व मिलने का समय मांगा गया था। लेकिन जिलाधिकारी महोदय बिना सूचना दिए अपने कार्यालय से चले गए। एवं बार एसोसिएशन के लोगों से नहीं मिले। जिस से आहत होकर नगर के बार एसोसिएशन के लोगों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष दयानंद सिंह, सचिव हरीश चंद शर्मा, एस के सिंह, प्रकाश चंद्र ढाली, अमित कुमार, गुरमीत सिंह, हरीश चंद्र ओली, मंगल सिंह राणा, राम बदन सागर, हयात सिंह कुंवर, पंकज दास, भगवंत सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में निश्चल का जलवा

धरमघर, चौकोड़ी(उद संवाददाता)। कुमाऊ के बागेश्वर -पिथौरागढ़, चंपावत सहित देश प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के छात्रों के शिक्षण का प्रमुख केंद्र बने द एशियन एकेडमी के छात्र निश्चल चंद ने ऑल इंडिया सबजूनियर रैकिंग बैडमिंटन प्रतियागिता में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।इससे विद्यालय में खुशी की लहर है।एशियन स्कूल चौकोड़ी और पिथौरागढ़ में स्थित विद्यालय में देश प्रदेश के सैकड़ो छात्र पठन पाठन करते है,वही विद्यालय में छात्रों को गुरुकुल की तरह शैक्षिक, योगाचार,नैतिकशिक्षा सहित विभिन्न प्रकार के खेलों में छात्रों को कुशल प्रिशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है, प्रतिवर्ष विद्यालय परिवार के छात्र शैक्षिक स्तर पर विभिन्न प्रतिभागी परीक्षाओं में अपना नाम रोशन करते हैं, सोमवार को विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि राजस्थान जयपुर में बीते पांच से 11 फरवरी के बीच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र ने भी हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में निश्चल ने शानदार प्रदर्शन किया। इससे पूर्व भी निश्चल ने कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के संस्थापक स्वामी वीरेंद्रानंद ने छात्र और कोच डीके सेन को बधाई दी है।उन्होंने उत्तराखंड बैंडमिंटन एसोसिएशन के सचिव बीएस मनकोटी का भी आभार जताया है।




# समाजसेवी परमजीत सिंह ग्रोवर के निधन पर शोक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के प्रमुख समाजसेवी और गुरुघर के सेवक सरदार परमजीत सिंह ग्रोवर पुत्र स्वर्गीय सरदार खान सिंह ग्रोवर और सरदार सुरजीत सिंह ग्रोवर के अनुज के आकस्मिक निधन पर लोकतन्त्र सेनानी महासंघ के महासचिव सुभाष छाबड़ा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को नगर और समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि सरदार परमजीतसिंह ग्रोवर समाज के हर वर्ग के हितैषी थे और लोगों के सुख दुख के साथी थे। लोकतन्त्र सेनानी कस्तूरी लाल तागरा ने कहा कि वे पूरे समाज में अपनी सेवाओं की वजह से अत्यंत ही लोकप्रिय थे,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अभिनव छाबड़ा,लक्की खरबंदा, हरजिंद्र सिंह हरजी, नीरज त्यागी विजयभूषण गर्ग,राजकुमार फुटेला,अंकित नरूला,सुनील शर्मा, विशाल खेड़ा, विशाल गर्ग,ड़ी सी चहल,उमेश शर्मा,अजय तिवारी, रवींद्रनाथ पांडेय, कमल चिलाना, एडवोकेट आर.पी सिंह,बंटी ग्रोवर,वीरेंद्र गोस्वामी, जुगल गोस्वामी, नीरू छाबड़ा, निर्मला खेड़ा जसविंद्र कौर छाबड़ा, नरेन्द्र नरूला ,जगदीश छाबड़ा, अजमेर सिह बहल, कालू सिंघल, प्रगटसिंह संधू,नरेश ग्रोवर,पार्थ छाबड़ा, नरेंद्र सिंह भंडारी, मनोहर लाल मिगलानी, अशोक मिड्ढा विजय मिड्ढा, प्राण ठक्कर,सुधीर ग्रोवर,हरीश ठकराल तथा सरदार जसबीर सिंह कुम्हार,मोहनजीत सिंह सुखीजा, सरदार अमरीक सिंह,बलदेव इन्द्र सिंह, विनोद भुसारी,जीत सिंह चाचू,प्रेम ठक्कर, नरेश कुमार सेठ, सुरेश मदान, तरार हसन खान, राजकुमार कुभार, अपारसिंह बेदी,जे. बी. सिंह,डी.जी.सी सिविल बरीत सिंह,गुरुबाज सिंह नारंग तथा वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील खेड़ा समेत नगर की तमाम शख्सियतों ने सरदार परमजीतसिंह ग्रोवर के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# राजभवन में वसंतोत्सव का आयोजन तीन मार्च से

## वसंतोत्सव 2023 के आयोजन में पारंपरिक मोटे अनाज 'मिलेट' के फूड कोर्ट को दी जाएगी वरीयता

देहरादून (उद संवाददाता)। राजभवन में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला वसंतोत्सव इस वर्ष दिनांक 3, 4 एवं 5 मार्च को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। वसंतोत्सव का आयोजन पहली बार तीन दिन का होगा। सोमवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वसंतोत्सव के आयोजन के संबंध में विभिन्न निर्णय लिए गए। राज्यपाल ने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर देने को कहा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राजकीय न रहकर इसमें प्राइवेट पार्टनरशिप पर बढ़ावा दिया जाय। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि इस वर्ष वसंतोत्सव पर आईएचएम व जीएमवीएन के साथ ही राज्य के महिला स्वयं सहायता समूहों के सौजन्य से फूड कोर्ट स्थापित किए जायेंगे। इसमें मुख्य रूप से हमारे पारंपरिक मोटे अनाज ''मिलेट'' को वरीयता दी जाएगी। वसंतोत्सव-2023 में शहद उत्पादन, इत्र, ऐरामेटिक पौधों, औषधीय जड़ी-बूटियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही राज्यपाल द्वारा हॉर्टिकल्चर, फलोरिकल्चर, शहद उत्पादन, जड़ी-बूटी, जैविक खेती आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों और किसानों को सम्मानित किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि वसंतोत्सव के माध्यम से उत्तराखण्ड में फ्लोरीकल्चर व ऐरोमेटिक पौधों की खेती को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड दुनियाभर में फ्लोरीकल्चर के क्षेत्र में एक बड़े डेस्टिनेशन के रूप में उभरेगा। राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन राज्य के दूर-दराज के पुष्पोत्पादन, जड़ी-बूटी, सगन्ध पौधों तथा अन्य जैविक उत्पादों की व्यावसायिक खेती से जुड़े काश्तकारों व उत्पादकों के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित होना चाहिए। उन्होंने इस



आयोजन को आर्थिक गतिविधियों के साथ जोड़ने के निर्देश दिए।बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि पुष्प प्रदर्शनी आम जनता के लिए 3 मार्च को दोपहर 1 बजे से सांय 6 बजे तक तथा 4 एवं 5 मार्च को सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक खुली रहेगी। वसंतोत्सव में विभिन्न 16 श्रेणियों में 186 पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। आई.टी.बी.पी, आई.एम.ए बैण्ड, पीएसी, स्काउट एंड गाईड व पाइप बैंड द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संस्कृति विभाग के सौजन्य से लोक कलाकारों द्वारा राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक भी प्रस्तुत की जायेगी। वसंतोत्सव में पहली बार रूफ टॉप गार्डनिंग, बोनसाई गार्डनिंग और शहद प्रसंस्करण से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। व्यावसायिक, निजी पुष्प उत्पादकों सहित विभिन्न सरकारी उद्यानों की पुष्प प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, पुष्प आधारित रंगोली प्रतियोगिताएं भी आयोजित हांगी। फूलों तथा प्राकृतिक सौन्दर्य पर आधारित फोटो प्रदर्शनी, पेंटिंग तथा विशेष डाक टिकटों की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। पुष्प प्रदर्शनी, प्रतियोगिता हेतु विभिन्न श्रेणियों की कई प्रतियोगिताएं प्रस्तावित हैं, जिनमें कट फ्लावर, पौटेड प्लांट अरेंजमैंट, लूज फ्लावर अरेंजमैंट, हैंगिंग पॉट्स जैसी सभी प्रतियोगिताओं के साथ-साथ 'ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी' भी आयोजित होगी।इस बैठक में सचिव राज्यपाल डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, सचिव डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, विधि परामर्शी श्री राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग डॉ. एच एस बावेजा सहित पर्यटन, उद्यान, आई.टी.बी.पी, आई.एम.ए, ओ.एन.जी.सी, आई.एच.एम, जी.एम.वी.एन, पर्यटन, भारतीय डाक, वन विभाग, पुलिस, संस्कृति, तथा उद्यान आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# विधायक अरोरा ने ली विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक

## अंडरग्राउंड वायरिंग और नये बिजलीघर का प्रस्ताव बनाने के निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अपने कैम्प कार्यालय पर विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक की। विधायक अरोरा ने बैठक में वर्तमान में प्रगतिमान कार्य व भविष्य के कार्ययोजना के सन्दर्भ में विस्तृत चर्चा वार्ता की। बैठक में विधायक शिव अरोरा ने रोस्टिंग को लेकर स्पष्ट कहा कि विभाग शून्य प्रतिशत के लक्ष्य पर कार्य करे और बिना पूर्व सूचना अनावश्यक विद्युत कटौती न हो इसको सुनिश्चित करे। वहीं विधायक ने कहा रुद्रपुर विधानसभा के अंतर्गत चल रहे इंसुलेटेड वायर के कार्य को शत प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें जिससे आये दिन गर्मियों के समय होने वाली आगजनी और तारों के शॉट जैसी समस्या अक्सर होते रहती है, जिसके पूरा होते ही ऐसी घटनाएं में कमी लायी जा सके। विधायक ने रुद्रपुर की बढ़ती आबादी ओर औद्योगिक नगरी के चलते यह शहरी क्षेत्र में पांच बिजली घरों स्थापित है और रुद्रपुर का विस्तार लगातार हो रहा है ओर बहुत लंबे समय से नये बिजलीघर का निर्माण नही हुआ। जिसको देखते हुए छतरपुर जयनगर क्षेत्र में नये बिजली घर निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाया जाये। वर्तमान स्थिति को देखते हुए बिजलीघर का निर्माण होना रुद्रपुर की जरूरत बन गया है। वहीं विधायक ने बैठक के दौरान विभाग के अधिकारियों से भविष्य की योजनाओं और कार्य को लेकर भी चर्चा समय मे हर घर मे स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य भी अस्तित्व में आयेगा। बैठक में विधायक शिव अरोरा ने रिंगमेन योजना पर भी चर्चा की ओर इसको रुद्रपुर क्षेत्र में लागू करने को कहा इस योजना में रुद्रपुर के सभी बिजली घर को आपस मे जोड़ दिया जायेगा इसके उपलब्ध रहने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य करने की आवश्यकता है और लाइन खराब होना और ट्रांसफार्मर जैसे रोज के विषय को तत्काल गम्भीरता से कार्य करना बिजली विभाग सुनिश्चित करे। इस दौरान बैठक में अधीक्षण अभियंता



की। रुद्रपुर शहर खम्बा और तार के जाल से मुक्त हो उसको देखते हुए अंडरग्राउंड वायर का प्रस्ताव भी तैयार करें। विधायक ने बैठक में पुराने मीटरों के स्थान पर केंद्र सरकार द्वारा नये स्मार्ट मीटर लगाने के सन्दर्भ में विभाग के अधिकारी से वार्ता की जोकि आने जुड़ने से एक बिजली घर मे विद्युत कटौती होने पर बहुत लंबे समय तक उस क्षेत्र के लोगो को अंधेरे में नही रहना पड़ेगा।बैठक में विधायक ने स्पष्ट कहा जनता की समस्या का समाधान तुरत हो ऐसी व्यवस्था विभाग की कार्यशैली में होनी चाहिये ,विभाग को चौबीस घंटे शेखर त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता विजय साकरिया, प्रकाश शाह उपखण्ड अधिकारी नवोदय, आलोक सचान उपखण्ड अधिकारी पंतनगर, जेई सुभाष शर्मा, प्रवीण कुमार, पारुल,कुलदीप राठी,सुभाष आर्य, राजेश सैनी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# पिछले वर्ष से अधिक लाभ पर छूटे नगर पालिका के ठेके

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका परिषद के विभिन्न ठेके वर्ष 2023-24 हेतु सार्वजनिक खुली बोली पालिकाध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष दैनिक तहबाजारी 4.41 लाख से बढ़कर 4.66 लाख में, साप्ताहिक बुध बाजार/ हाट बाजार 5.05 से बढ़कर 6.10लाख में, ठेका विज्ञापन शुल्क 1.85 लाख से बढ़कर 1.90 लाख में, ठेका ऑटो रिक्शा टुकटुक 22000 हजार



से बढ़कर 2 वर्ष के लिए 46000 हजार में किया गया। इस प्रकार विगत वर्ष से सभी ठेके लाभ में हुए हैं। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी जगदीश चंद्रा, पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस,कर लिपिक सीताराम सिंह, कर लिपिक अशोक कुमार बांगा तथा सम्मानित सभासद जुनेद अंसारी, सभासद प्रतिनिधि बृजेश चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

# बैंक के पास एक और बाइक हुई चोरी

गदरपुर। बाइक चोरी की बढ़ती घटनाओं से लोगों में पुलिस के प्रशासन के खिलाफ रोष बढ़ता जा रहा है।शातिर चोरों ने शनिवार की रात केनरा बैंक के पास से एक और बाइक पर हाथ साफ कर दिया। बाइक गूलरभोज रोड पर स्थित एक बाइक डीलर के भाई की बताई जा रही है। पीड़ित बाइक स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। हैरानी की बात तो यह है कि दर्जनों चोरी हुई बाइकों को बरामद करना तो दूर पुलिस ने पीड़ित बाइक स्वामी की रिपोर्ट तक दर्ज नही की।

# होली चाइल्ड स्कूल में कक्षा प्रबन्धन पर कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (दर्पण संवाददाता)।होली चाइल्ड स्कूल के आडिटोरियम में कक्षा प्रबन्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला के आयोजन का आरम्भ हुआ। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन शिक्षा क्षेत्र में विशेष अनुभव प्राप्त दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर के प्रधानाचार्य अनुरोध चित्रा ने कार्यशाला का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्प्श्चात बच्चों ने माँ सरस्वती वन्दना पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। होली चाइल्ड स्कूल के प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी ने अनुरोध चित्रा को बुके देकर स्वागत किया। कार्यशाला में उधम सिंह नगर एवं रामपुर जिले के 20 से अधिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य, पी.जी.








टी.टी.जी.टी. प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यशाला में अनुरोध चित्रा ने ''कक्षा प्रबन्धन'' की उपयोगिता व आवश्यकता के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम अपनी कक्षा को सुव्यवस्थित कर सकते हैं, वर्तमान समय में हमें छात्रों की भावनाओं और विचारों को समझकर उनके साथ व्यवहार करना होगा तभी वे अपनी समस्याओं को शिक्षकों से साँझा कर सकेंगे और हमें उनकी समस्याओं को समझकर उनका समाधान करने में आसानी होगी। उन्होने आज के विद्यार्थी को कल का भविष्य निर्माता बताते हुए कहा कि जीतने वाले व्यक्ति अलग नहीं होते बल्कि वे कार्य को अलग तरीके से करके दिखाते हैं। अध्यापक वह है जो विद्यार्थियों में सीखने की प्यास बढ़ाए व उनमें सोचने व सीखने की प्रक्रिया को तरक्की का मध्यम बताया। उन्होंने अध्यापक में 5 प्रकार के लीडरशिप स्तर के स्थापत्य के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा किस प्रकार से हम विद्यार्थियों के लिए एक अच्छे उदाहरण और मार्गदर्शक बन सकते है।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com



शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

दिनांक: 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रात: 10 बजे से

स्थान-नेक्सा ट्रूवेल्यू, काशीपुर रोड
ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर


भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।


आयोजक-श्री शिव सेवा संस्थान
एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण


# रुद्रपुर के शिव भक्तों ने नजीबाबाद में लगाया भंडारा

## गंगाजल लेने पहुंच रहे हजारों कांवरियों ने भंडारे में किया प्रसाद ग्रहण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में हरिद्वार से कांवरियों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। जगह-जगह कांवरियों की सेवा में विशाल भंडारे लगाये गये हैं। फुलसुंगी रूद्रपुर के शिवभक्तों ने इस बार भी नगीना रोड भोनावाला, नजीमाबाद स्थित श्री शिवनाग देवता मंदिर में कांवरियों की सेवा के लिए विशाल भण्डारा लगाया है। दो दिवसीय इस भंडारे में कांवरियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान फुलसुंगी के शिवभक्तों ने कांवरियों का स्वागत सत्कार करने के साथ ही उन्हें श्रद्धाभाव से जलपान और भोजन कराया। इस अवसर पर बम भोले के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। भोले नाथ के भजनों पर झूमते नजर आये। बता दें फुलसुंगी के शिवभक्त पिछले नौ वर्षों से नजीबाबाद में विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धाभाव से करते आ रहे हैं। शिवभक्त श्रवण कालड़ा ने बताया कि भंडारे में कांवरियों के जलपान भोजन से लेकर विश्राम एवं नहाने धोने की व्यवस्था भी की गयी हैं। उन्होंने कहा कि भोले नाथ के आशीर्वाद से भविष्य में भी हर वर्ष यह सेवा इसी तरह चलती रहेगी। इस दौरान कांवरियों की सेवा करने वालों में श्रवण कालड़ा, अमित अरोरा, हर्षित कालड़ा लक्की कालड़ा, संजू गुम्बर, योगेश वाधवा,राहुल छाबड़ा, आशु गुंबर, रमन नारंग, किशन कांत, अरुण खुराना, नीतीश खुराना, रिंकू चौहान, नवनीत छाबड़ा, आशीष ढींगरा, मुकुल नारंग सचिन गुंबर, महिपाल, अमित खुग्गर, हैप्पी छाबड़ा सुनील चुघ, सचिन छाबड़ा,पंकज कटारिया, राजन चुघ, शिवम छाबड़ा, विकास नारंग, अरुण नारंग, संजीव छाबड़ा, गोल्डी छाबड़ा, रोहित गुंबर गुलशन पंडित जी,जगदीश कालड़ा, सतीश मुंजाल, सुनील गुंबर,वरुण मुंजाल, सुनील कालड़ा, अजय अनेजा, डॉक्टर विप्लव राय, विशु गुंबर, राकेश कालड़ा, शिव छाबड़ा, सनी छाबड़ा, अर्जुन प्रधान, दीपक छाबड़ा आदि लोग शामिल रहे।





# पोषण ट्रैक्कर मोबाइल ऐप एवं डैशबोर्ड की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डा० एपीजे अब्दुल कलाम आजाद सभागार कक्ष कलैक्ट्रेट में राष्ट्रीय पोषण मिशन के अन्तर्गत पोषण ट्रैक्कर मोबाइल ऐप एवं डैशबोर्ड की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भारत सरकार से पोषण ट्रैक्कर टीम से अंकित वालिमान, मैनेजर, हेमन्त सती, मैनेजर, निदेशालय महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, देहरादून से सुरेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा प्रतिभाग किया गया। साथ ही कार्यक्रम का आयोजना जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंकित वालिमान, मैनेजर द्वारा पोषण ट्रैक्कर ऐप को संचालित करने एवं ऐप में आ रही समस्याओं का निदान भी किया गया। पोषण ट्रैक्कर ऐप का प्रयोग आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, सुपरवाइजरों, एन०एन०कार्मिकों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें आंगनवडी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिदिन आंगनवाडी केन्द्रों का डाटा रिकार्ड किया जाता है। जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित बच्चों की उपस्थिति, बच्चों का वनज, होम विजिट रिपोर्ट, आधार से पंजीकृत लाभार्थी (गर्भवती/धात्री), प्री-स्कूल में प्रतिदिन की जा रही गतिविधि, टी0एच0आर0 वितरण, आंगनवाडी कार्यकत्रियों की उपस्थिति, बच्चों की दिये जाने वाले स्नैक्स का रिकार्ड, वीएचएसएन०डी० सीबीई गतिविधि आदि प्रतिदिन की गतिविधियों का प्रतिदिन डाटा अपडेट किया जाता है एवं उक्त डाटा का मूल्यांकन सुपरवाईजरों, एनएनएम कार्मिकों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा भी पोषण ट्रैक्कर ऐप द्वारा किया जा रहा है। पोषण ट्रैक्कर ऐप का उद्देश्य है कि प्रत्येक लाभार्थियों का डाटा ऑनलाइन रिकार्ड हो सके एवं उन्हे योजनाओं का पूर्णत्य लाभ मिल सके। उक्त कार्यक्रम में कुमाऊ मण्डल के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर एवं एनएनएम कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थिति दी गयी।





उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## निवेशकों की पूंजी

अडाणी समूह पर 'हिंडनबर्ग रिसर्च' का खुलासा सामने आने के बाद स्वाभाविक ही आर्थिक हलकों में एक तरह की अनिश्चितता और उथल-पुथल देखी जा रही है। इसमें अडाणी समूह को हुए तात्कालिक नुकसान से जाहिर है कि उसके कारोबार को लेकर विश्वसनीयता में तेज गिरावट आई है। मगर इस सबके बीच अहम पक्ष यह है कि अडाणी समूह के कारोबार पर भरोसा करके पैसा लगाने वाले आम निवेशकों की पूंजी कितनी सुरक्षित है या फिर उस पर कितना जोखिम है। इसी के मद्देनजर दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने शेयर बाजार में निवेशकों को हुए नुकसान पर चिंता जताई। साथ ही अदालत ने केंद्र सरकार और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड यानी सेबी से पूछा कि मौजूदा नियामक तंत्र को कैसे मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में निवेशकों के हित को सुरक्षित रखा जा सके। गौरतलब है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद बाजार में मची उथल-पुथल के बीच अडाणी समूह के शेयरों की कीमतों में लगातार गिरावट आ रही है और कंपनी के मूल्य में भारी कमी आई है। यह जगजाहिर तथ्य है कि आज बाजार का जो स्वरूप हो चुका है, उसमें पूंजी भारत से निर्बाध रूप से कहीं भी आ-जा रही है। एक तरह से ज्यादातर लोग अब बाजार में हैं और ऐसे में सबसे ज्यादा जोखिम में वह आम निवेशक है, जो भरोसा करके कहीं भी कुछ निवेश करता है। अगर इस समूची गतिविधि में निवेशकों के हित की सुरक्षा के लिए कोई मजबूत तंत्र नहीं होगा, तो यह ढांचा ढह सकता है और इसका सबसे ज्यादा नुकसान आम लोगों को ही होगा। इस लिहाज से देखें तो निवेशकों के पक्ष से सुप्रीम कोर्ट का यह सवाल वाजिब है कि हम कैसे सुनिश्चित करेंगे कि वे सुरक्षित हैं और भविष्य में ऐसा फिर नहीं होगा। यों सेबी ने अदालत को बताया है कि बाजार नियामक और अन्य वैधानिक निकाय आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं, मगर अर्थतंत्र और शेयर बाजार की जटिलताओं को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि इस संबंध में एक सुचिंतित व्यवस्था की जरूरत तुरंत है। दरअसल, 'हिंडनबर्ग रिसर्च' की रिपोर्ट में अडाणी समूह पर पूंजी और कंपनी के आंकड़ों से जुड़ी अनियमितताओं के जैसे आरोप लगाए गए, उसे अडाणी समूह ने दुर्भावनापूर्ण बता कर खारिज कर दिया। मगर सिर्फ इतने भर से इसके कई तरह के असर सामने आने तय हैं। शायद इसी तरह की आशंकाओं के मद्देनजर अदालत की पीठ ने निवेशकों की सुरक्षा के लिए मजबूत नियामक तंत्र को लागू करने के अलावा एक विशेषज्ञ समिति का भी प्रस्ताव रखा है, जिसमें प्रतिभूति क्षेत्र, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग क्षेत्र के विशेषज्ञ और एक पूर्व न्यायाधीश के रूप में मार्गदर्शक व्यक्ति शामिल हो सकते हैं। 'हिंडनबर्ग रिसर्च' की रिपोर्ट का असर कितने वक्त रहेगा और किस अन्य रूप में सामने आएगा, कहा नहीं जा सकता। लेकिन अब तक बाजार में जो उतार-चढ़ाव हुआ है, उसकी जटिलताओं पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं देने की वजह से सामान्य निवेशकों को इसका खमियाजा उठाना पड़ सकता है। इसके अलावा, यह भी माना जा रहा है कि संबंधित बैंकों और सेबी को भी इससे नुकसान हो सकता है। हालांकि इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि अतीत में ऐसे मामलों के बावजूद शेयर बाजार संभला है। इसी संदर्भ में आम निवेशकों के हित में सुप्रीम कोर्ट ने जो सवाल उठाए हैं, अगर उसका कोई स्पष्ट हल सामने आता है, तो मौजूदा मुश्किलें दूर करने में मदद मिल सकती है।


# तीन छोटे उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने का इसरो ने बनाया कीर्तिमान

कुछ साल पहले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने एक साथ 104 उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करके विश्व इतिहास रचा था।अब एक साथ तीन लघु उपग्रह बनाकर उन्हें अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने का नया कीर्तिमान बनाकर दुनिया को आश्चर्य में डाल दिया है।प्रक्षेपित उपग्रहों में से 'आजादी सैट-2' नाम के उपग्रह को 750 ग्रामीण छात्राओं ने मिलकर बनाया है। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को चिन्हित करने के उद्देश्य से सरकारी विद्यालयों की छात्राओं को लिया गया।यानी हम कह सकते हैं कि अच्छी शिक्षा का पर्याय केवल अंग्रेजी स्कूल नहीं रह गए हैं।इन छात्राओं ने यह उपलब्धि इसरो के वैज्ञानिकों और स्पेस किड्स ईंडिया की मदद से हासिल की है।आजादी सैट अंतरिक्ष की बुनियादी समझ और ज्ञान के साथ सरकारी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की महत्वाकांक्षी दृष्टि वाला उपग्रह मिशन है।इन छात्राओं को श्कक्षीय उपग्रहश्के माध्यम से एक छोटा प्रयोग करने और अंतरिक्ष की सीमा में उसे प्रक्षेपित करने के लिए प्रशिक्षित किया गया था।ये छात्राएं लक्ष्य को साधने में सफल रहीं।भविष्य में इनके लिए अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में जगह बनाने के अवसर मिलेंगे।यह अभियान इसलिए भी महत्वपूर्ण है,क्योंकि 2023 को संयुक्त राष्ट्र ने 'अंतरिक्ष में महिलाएं' वर्ष घोषित किया हुआ है। इसरो का मानना है कि इससे लड़कियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित पढ़ने के लिए प्रेरित किया जा सकता है. आठ किलोग्राम के क्यूबसैट में 75 अलग-अलग पेलोड हैं, जिनमें से प्रत्येक का वजन लगभग 50 ग्राम है, जो छात्राओं या महिलाओं द्वारा तैयार किए प्रक्षेपित उपग्रहों का संचालन करेगा। देश भर के ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को इन पेलोड के निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया था, जिसे बाद में "स्पेस किड्स इंडिया" की छात्र टीम द्वारा एकीकृत किया गया था। पेलोड में न केवल शौकिया रेडियो ऑपरेटरों के लिए आवाज और डेटा ट्रांसमिशन को सक्षम करने के लिए हैम रेडियो फ्रीक्वेंसी में काम करने वाला एक यूएचएफ-वीएचएफ ट्रांसपोंडर शामिल है, बल्कि एक सेल्फी कैमरा भी शामिल है। आजादीसैट में अपनी कक्षा में आयनकारी विकिरण और एक लंबी दूरी के ट्रांसपोंडर को मापने के लिए एक ठोस-राज्य पिन डायोड-आधारित विकिरण काउंटर भी है। इसरो अंतरिक्ष किड्ज इंडिया द्वारा विकसित ग्राउंड सिस्टम का उपयोग टेलीमेट्री और कक्षा में पेलोड के साथ संचार के लिए करेगा।यह रॉकेट 34 मीटर लंबा और इसका व्यास 2 मीटर है।इसका उत्थापन द्रव्यमान 120 टन है। एसएसएलवी एक तीन चरणों वाला वाहन है,जिसे ठोस व तरल ईंधन द्वारा अंतरिक्ष में भेजा जाता है। तरल ईंधन-आधारित वेलोसिटी ट्रिमिंग मॉड्यूल का उपयोग करके उपग्रहों को निर्दिष्ट कक्षाओं में भेज देता है। यह 500 किलोमीटर की दूरी तक 500 किलोग्राम भार (पेलोड) वाले उपग्रह प्रक्षेपित करने में सक्षम है। यह नवीन तकनीक उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक है।क्योंकि इस यान से कम लागत, तेज टर्नअराउंड समय, कई उपग्रहों को समायोजित करने में लचीलापन, ऑन-डिमांड प्रयोग और कम से कम जरूरतों में प्रक्षेपित किया जा सकता है। इस पहले अभियान में पहला ईओएस-07 उपग्रह 156.3 किलोग्राम का है, जो पृथ्वी का अवलोकन करेगा।इसे इसरो ने बनाया और विकसित किया है।यह एमएम-वेव ह्यूमिडिटी साउंडर और स्पेक्ट्रम निगरानी से लैस है।दूसरा आजादी सैट-2 है। इसका उद्देश्य रेडियो संचार क्षमताओं का प्रदर्शन करना और विकिरण को मापना है।इसका भार महज 8.2 किलोग्राम है। इसमें अत्यंत छोटे उपकरणों का प्रयोग किया गया है। तीसरा,जानस-1 है।10.2 किलोग्राम वजनी इस उपग्रह को अमेरिका की अंतरिक्ष संस्था श्एंटारिसश ने बनाया है।यह औद्योगिक स्मार्ट उपग्रह है।इस उपलब्धि से इसरो की महत्ता इसलिए महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि अब उसके पास लघु उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए रॉकेट मसलन यान के रूप में एक नई प्रौद्योगिकी आ गई है। ब बदरअसल प्रक्षेपण तकनीक दुनिया के चंद छह-सात देशों के पास ही है। लेकिन सबसे सस्ती होने के कारण दुनिया के इस तकनीक से महरूम देश अमेरिका,रूस,चीन,जापान का रुख करने की बजाय भारत से अंतरिक्ष व्यापार करने लगे हैं। इसरो इस व्यापार को अंतरिक्ष निगम (एंट्रिक्स कार्पोरेशन) के जरिए करता है। इसरो पर भरोसा करने की दूसरी वजह यह भी है कि उपग्रह यान की दुनिया में केवल यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी को छोड़ कोई दूसरा ऐसा प्रक्षेपण यान नहीं है। भारत के पास अभी तक यह दक्षता पीएसएलवी-सी-37 के माध्यम से कई टन भार वाले उपग्रह ढोने की है, इसलिए व्यावसायिक उड़ानों को मुंह मांगे दाम मिल रहे हैं यही वजह है कि अमेरिका, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे विकसित देश अपने उपग्रह छोड़ने का अवसर भारत को दे रहे हैं। लेकिन अब लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान की सफलता ने छोटे भार वाले उपग्रहों को प्रक्षेपित करने की सुविधा उपलब्ध करा दी है।यानी अब हर प्रकार के उपग्रह प्रक्षेपित करने में भारतीय वैज्ञानिक पारंगत हैं।एतएव अंतरिक्ष व्यापार में भारत का दबदवा कायम हो जाएगा। हमारी उपग्रह प्रक्षेपित करने की दरें अन्य देशों की तुलना में 60 से 65 प्रतिशत सस्ती हैं। यहां उल्लेखनीय है कि अमेरिकी अंतरिक्ष संगठन नासा ने जो राकेट 67 करोड़ डॉलर में भेजा था,उसे इसरो ने मात्र 7.3 करोड़ डॉलर में भेजा है। बावजूद भारत को इस व्यापार में चीन से होड़ करनी पड़ रही हैं। मौजूदा स्थिति में भारत हर साल 5 उपग्रह अभियानों को मंजिल तक पहुंचाने की क्षमता रखता है। जबकि चीन की क्षमता दो अभियान प्रक्षेपित करने की है। बाबजूद इस प्रतिस्पर्धा को अन्तरिक्ष व्यापार के जानकार उसी तरह से देख रहे हैं, जिस तरह की होड़ कभी वैज्ञानिक उपलब्धियों को लेकर अमेरिका और सोवियत संघ में हुआ करती थी। भारत ने अंतरिक्ष यात्रा की शुरूआत 21 नवंबर 1963 को की थी। इस दौर में भारत की विडंबना यह थी कि रॉकेट को साइकिल पर लादकर प्रक्षेपण स्थल तक लाया गया था। श्नाइक अपाचेश्नामक इस रॉकेट को अमेरिका से लिया था। इसे छोड़ने के लिए नारियल के पेड़ों के बीच लांचिंग पेड़ और तबेले में प्रयोगशाला बनाई गई थी । इसके बाद 20 नवंबर 1967 को भारत में बना पहला रॉकेट रोहिणी-75 प्रक्षेपित किया । इसे देश की रॉकेट क्षमता आंकने के लिए लांच किया गया था। 19 अप्रैल 1975 को भारत का पहला उपग्रह आर्यभट्ट छोड़ा गया । 1981 में छठा उपग्रह एपल छोड़ा गया । भारी होने के कारण इस उपग्रह को पैलोड तक लाने के लिए बैल-गाडी का इस्तेमाल किया गया था। इस तरह से साइकिल और फिर बैल-गाड़ी से शुरू हुआ इसरो का यह सफर अब ध्रुवीय यान पीएसएलवी-37 तक आते-आते विश्व की सबसे बड़ी उपलब्धि बन गया है। और अब एसएसएलबी की नूतन उपलब्धि ने चार चांद लगा दिए हैं।60 के दशक में जो काम महाशक्तियां करती थीं, वही काम भारत जैसे तीसरी दुनिया के देश ने कर दिखाया है। गोया, इसे प्रौद्योगिकी के स्वदेशी विकास और उसके अंतराष्ट्रीय हस्तांतरण के सकारात्मक पहलू के रूप में देखा जा रहा है। हमारे पास ऐसी रॉकेट प्रणाली भी है, जो एक साथ 400 सूक्ष्म उपग्रह छोड़ने की क्षमता रखती है। दूसरे देशों के छोटे उपग्रहों को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करने की शुरूआत 26 मई 1999 में हुई थी । तब जर्मन एवं दक्षिण कोरिया के उपग्रह टब सेट के साथ भारतीय उपग्रह ओशन भी अंतरिक्ष में स्थापित किए थे। इसके बाद पीएसएलवी सी-3 ने 22 अक्टूबर 2001 को उड़ान भरी। इसमें भारत का उपग्रह बर्ड और बेल्जियम के उपग्रह प्रोबा शामिल थे। ये कार्यक्रम परस्पर साझा थे, इसलिए शुल्क नहीं लिया गया। पहली बार 22 अप्रैल 2007 को ध्रुवीय यान पीएसएलवी सी-8 के मार्फत इटली के 'एंजाइल' उपग्रह का प्रक्षेपण शुल्क लेकर किया गया। हालांकि इसके साथ भी भारतीय उपग्रह एएम भी था, इसलिए इसरो ने इस यात्रा को संपूर्ण वाणिज्यिक दर्जा नहीं दिया। दरअसल अंतराष्ट्रीय मानक के अनुसार व्यावसायिक उड़ान वही मानी जाती है,जो केवल दूसरे उपग्रहों का प्रक्षेपण करे। इसकी पहली शुरूआत 21 जनवरी 2008 को हुई, जब पीएसएलवी सी-10 ने इजाराइल के पोलरिस उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में छोड़ा। इसके साथ ही इसरो ने विश्वस्तरीय मानकों के अनुसार उपग्रह प्रक्षेपण मूल्य वसूलना भी शुरू कर दिया है। यह कीमत 5 हजार से लेकर 20 हजार डॉलर प्रति किलोग्राम पेलोड (उपग्रह का वजन) के हिसाब से ली जाती है। सूचना तकनीक का जो भूमंडलीय विस्तार हुआ है,उसका माध्यम अंतरिक्ष में छोड़े उपग्रह ही हैं। टीवी चैनलों पर कार्यक्रमों का प्रसारण भी उपग्रहों के जरिए होता है। इंटरनेट पर बेबसाइट, फेसबुक, ट्विटर, ब्लॉग और वॉट्सअप की रंगीन दुनिया व संवाद संप्रेषण बनाए रखने की पृष्ठभूमि में यही उपग्रह हैं। मोबाइल और वाई-फाई जैसी संचार सुविधाएं उपग्रह से संचालित होती हैं। अब तो शिक्षा,स्वास्थ्य,कृषि, मौसम, आपदा प्रबंधन और प्रतिरक्षा क्षेत्रों में भी उपग्रहों की मदद जरूरी हो गई है। इसीलिए दुनिया में व्यावसायिक उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने का व्यापार बढ़ रहा है। इसमें काई संदेह नहीं कि इसरो की अंतरिक्ष में आत्मनिर्भरता बहुआयामी है और यह देश को भिन्न-2 क्षेत्रों में अभिनव अवसर हासिल करा रही है। चंद्र और मंगल अभियान इसरो के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम के ही हिस्सा हैं। इसरो शुक्र ग्रह पर भी यान उतारने की तैयारी में है। भारत मानवयुक्त अंतरिक्ष में छोड़ने की तैयारी में है।

**-प्रमोद भार्गव लेखक/पत्रकार**

# वेलेन्टाईन डे -संतमत के दृष्टिकोण से

14 फरवरी सेंट वेलेन्टाइन डे के रूप में मनाया जाता है। इसके विषय में एक कहानी प्रचलित है कि सेंट वेलेन्टाइन बच्चों से बहुत प्रेम करते थे। एक बार सेंट वेलेन्टाइन को जेल में बंद कर दिया गया और उनके चहेते बच्चे यह सहन नहीं कर पाए। इन बच्चों ने कागज के छोटे-छोटे टुकड़ों पर अपनी कोमल भावनाओं को अंकित किया एवं जेल की सलाखों में से उन तक पहुँचाया। कदाचित यहाँ से प्रेम से परिपूर्ण भावनाओं के आदान-प्रदान का सिलसिला आरम्भ हुआ जो अब तक समय के अनुसार कई रूप बदल चुका है। यद्यपि आज के युग में वेलेन्टाइन डे प्रेमी और प्रीतम के बीच का ही एक उत्सव रह गया है, परन्तु इसका भी एक अध्यात्मिक पहलू है। वेलेन्टाइन डे संत वेलेन्टाइन व उनके शिष्यों के बीच प्रेम का प्रतीक है, ये प्रतीक है अध्यात्मिक प्रेम का जो कि एक गुरू और शिष्य के बीच या प्रभु व भक्त के बीच होता है जो कि एक इंसान का पूरी सृष्टि व मानवता के लिये होता है। हमारा इंसान होने का परम लक्ष्य, अपने आप को जानना और परम पिता परमात्मा को पाना है, ये लक्ष्य को प्राप्त करने का साधन प्रेम ही है। सिक्खों के दसवे गुरू, गुरू गोविंद सिंह जी महाराज ने फरमाया है: "साच कहु सुन लहो सभेह, जिन् प्रेम कीयो तिन हि प्रभ पायो।" परमात्मा प्रेम स्वरूप है, हमारी आत्मा परमात्मा की अंश होने के नाते वही सारे गुण रखती है जो परमात्मा के है, ऐसे हमारी आत्मा भी प्रभु प्रेम का ही अंश है, और परमात्मा को पाने का रास्ता भी प्रेम का ही रास्ता है। प्रश्न यह उठता है कि यह प्रेम मिलता कहाँ से है? इस दिव्य प्रेम की किरणें एक पूर्ण महापुरूष की प्रभु प्रेम में मदमस्त आँखों से हम तक आती है, हमारी सदियों से सोई आत्मा को धीरे-धीरे जाग्रत करती हैं और चेतनता के महासागर तक की यात्रा



पूर्ण करवाती है। वास्तव में स्वयं परमात्मा ही संत सत्गुरू के रूप में अपने अंशों को वापिस ले जाने के लिए इस धरा पर आते हैं। संत सत्गुरू इन्हें जगाने के लिए मात्र प्रेम का प्रयोग करते है। यह सामर्थ्य केवल एक संत सत्गुरू में होती है कि प्रेम का पात्र बदलकर किसी हृदय को परमार्थ की राह पर चला दे। संत सत्गुरू के अनन्त प्रेम का अनुभव पाकर ही आत्मा भय, भ्रम और द्वैत की जकड़न से मुक्त हो सकती है। सदियों से संत महापुरूष प्रभु प्रेम वे गुरू प्रेम को अत्याधिक महत्ता देते आये है। ईसाई धर्म के प्रमुख संत ईसा मसीह का भी मूल संदेश, प्रेम का संदेश था। ईसा ने अपने शिष्यों को जो महान संदेश दिया उसको दो आज्ञाओं में समेट सकते है: "आप अपने प्रभु को पूर्ण हृदय से, पूर्ण आत्मा से तथा पूरे मन से प्यार करें।" और अपने पड़ोसी को आप अपने जैसा प्यार करें।" और उन्होंने स्पष्ट किया, इन दो आज्ञाओं पर ही सभी नियम और पैगम्बर आधारित होते है। ईसा ने इन दो आज्ञाओं को केवल दिया ही नहीं, बल्कि वे इनके अनुसार जिये भी। यही संतो की सच्ची विशेषता है क्योंकि वे प्यार की प्रतिमूर्ति होते हैं। प्रभु प्रेम है, हमारी आत्मा उस प्रेम की एक किरण है और प्रेम एक और तो प्रभु और मनुष्यों के बीच, तथा दूसरी ओर मनुष्यों तथा प्रभु की सृष्टि के बीच एक सूत्र है। प्रेम जीवन और प्रकाश के नियम की पूर्णता है। आइये, हम सोचें कि क्या हमारे जीवन में यह प्यार झलकता है? क्या हम एक दूसरे की प्यार से सेवा करते हैं? क्या हम उनके प्रति उदार तथा सहनशील हैं, जिनके विचार हमसे भिन्न होते हैं? क्या हम प्रभु के सभी जीवों से प्यार करते हैं तथा क्या हम सबको अपना समझ कर गले लगाने के लिए तैयार हैं? क्या दलितों के प्रति हममें दया और सहानुभूति है? क्या हम बीमारों और पीड़ितों के लिए प्रार्थना करते हैं? यदि हम प्यार से नहीं रहते, तो अभी हम प्रभु से काफी दूर हैं तथा धर्म से परे हैं। यदि हम सही मायने में प्रभु से प्रेम करते हैं तो हमें यह हमें अपने आचरण में भी लाना होगा। इस वेलेन्टाइन डे के अवसर पर क्यों न हम भौतिक प्रेम से ज्यादा आध्यात्मिक प्रेम की और ध्यान दें। अपने आप को एक प्रेम पूर्ण इंसान बनाये जो कि पूरी मानवता के प्रति, सारी सृष्टि के प्रति प्रेम व करूणा का भाव रखता है। वेलेन्टाइन डे मनाने का यही सर्वोत्तम तरीका होगा।

**-संत राजिंदर सिंह जी महाराज**

# वरिष्ठ नागरिक न्यास समिति बागनाथ मंदिर में कराएगी होली का आयोजन

बागेश्वर (उद संवाददाता)। वरिस्ठ नागरिक न्यास समिति होली पर्व को भाईचारे,प्रेम सदाचार,और रँगगुलाल के बीच सौहार्दपूर्ण से होली का आयोजन कराएगी। न्यास की आयोजित बैठक में भविष्य में आयोजित होने वाले अधिवेशन की तिथि, समय तथा स्थान को लेकर मंथन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जल्द अधिवेशन का आयोजन होगा। इसमें



प्रत्येक सदस्य की भूमिका अहम होगी। सभी। जिस सदस्य को जो भी जिम्मेदारी मिलेगी वह उसे गंभीरता से पूरा करेंगे। संगठन को पहले से और अधिक मजबूत किया जाएगा। तहसील परिसर में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शिवरात्रि पर न्यास बागनाथ मंदिर में साबूदाने की खीर का वितरण करेगा। इसके अलावा होली पर रोजाना बागनाथ मंदिर में होली गायन का आयोजन होगा। इसमें क्षेत्र के होल्यारों को बुलाया जाएगा।बाबा बागनाथ से जिले की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा जाएगा, अपनी संस्कृति से जिले के लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी रूबरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले की होली का अपनी पहचान है। इस पहचान को कतई नहीं खोने देंगे। शिवरात्रि पर यहां सात गांव सतराली की होली इस बार भी पहुंचेगी। न्यास होल्यारों को अबीर गुलाल का टीका लगकारा उनका भी स्वागत होगा। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रणजीत सिंह बोरा व संचालन बालादत्त तिवारी ने किया। इस मौके पर दलीप सिंहखेतवाल, भवानी राम आगरी,इंद्र सिंह परिहार, शारदा परिहार, लोकमणि पाठक, हेमचंद्र पंत,एड गोविन्द सिंह भंडारी, जयंत भाकुनी,केशवानंद जोशी, गणेश दत्त कांडपाल,लक्ष्मण सिंह दीवान सिंह दानू,महेश चंद्र जोशी,प्रवीण सिंह दफौटी,शारदा परिहारआदि मौजूद रहे।

# संत तो संतता से है न कि बाहरी वेशभूषा या दिखावा से : हरि चैतन्यपुरी

गदीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज यहां श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते



हुए कहा कि यदि संतता के मार्ग पर चलना चाहे तो अपने अंदर क्षमा,करुणा, उदारता, कृपा आदि सद्गुणों को अपनाएं। संत तो संतता के गुणों से है ना कि बाहरी वेशभूषा, दिखावा इत्यादि से। उन्होंने कहा साधु, भक्त या महात्मा बनकर जो लोगों को धोखा देते हैं वे स्वयं को धोखा देते हैं व अपना जीवन पापमय बनाते हैं। दूसरों का अहित चाहने वाले या करने वालों का कभी हित नहीं होता। पतन या पाप का कारण प्रारब्ध नहीं है बल्कि विवेक अनादर करके कामना के वश में होने पर मनुष्य पापाचरण करता है तभी उसका पतन होता है। किसी भी स्थिति अवस्था, प्राणी, पदार्थ, वस्तु आदि से जो सुख की कामना रखता है वह कभी सुखी नहीं हो सकता। वह सदैव निराश हो ही रहेगा व दुखी रहेगा। उन्होंने कहा कि अधर्माचरण करने वाले कुमार्गगामी लोगों का संग त्यागकर, जितेंद्रिय, श्रेष्ठ महापुरुषों का संग व उनकी सेवा करके अपने जीवन को कल्याणमय बनाएं। क्योंकि सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय होता है। उन्होंने कहा कि सत्संग का प्रकाश हमारे अंतर्मन को प्रकाशित करता है और हमें भी उस ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर मन में धारण कर परमपिता परमेश्वर को पाने का प्रयास करना चाहिए। मगर जब तक सत्य का संग नहीं होगा सत्संग से भी कोई लाभ प्राप्त हो नहीं सकेगा। जिस प्रकार सूरज की किरणें हमें तब तक लाभ नहीं पहुंचा सकती जब तक कि हमारे घरों की खिड़की दरवाजे बंद रहेंगे। ठीक उसी प्रकार हम गुरु व परमात्मा की कृपा के अधिकारी तभी बन सकते हैं जबकि हम उनके द्वारा दिए गए ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर्गत में उतारेंगे। अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में उन्होंने कहा कि असत्य,अधर्म,अन्याय व बुराई हो सकता है कि हमें कुछ समय के लिए फलते फूलते से प्रतीत हों परंतु अंत में विजय सत्य, धर्म व अच्छाई की होगी। हम सभी इन प्रतीकात्मक पर्वों से प्रेरणा व संदेश ग्रहण कर अपने जीवन को दिव्य, मर्यादित, कर्तव्यपरायण, प्रभुभक्तिमय, राष्ट्रीयता व मानवता से ओतप्रोत बनाएं। उन्होंने कहा कि आज लोगों के धर्म से विमुख होने के कारण ही मानवता की कमी भी दिखाई देने लगी है। हमें समाज को बदलने के लिए लोगों की दृष्टि बदलने की आवश्यकता है। किसी को सुधारने से पहले स्वयं को सुधारना चाहिए। यह सब बातें अध्यात्म के ज्ञान के बिना संभव नहीं है। इस दौरान श्री हरि कृपा धाम आश्रम में अपार जनसैलाब उमड़ा तथा दूरदराज से काफी संख्या में भक्त जन महाराज श्री के दर्शनार्थ व दिव्य अमृत वचनों को सुनने के लिए लगातार पहुँच रहे हैं।

# ट्रांसफार्मर तक पहुंची कूड़े के ढेर में लगी आग

सितारगंज(उद संवाददाता)। कूड़े के ढेर में लगी आग तेज हवाओं के कारण ट्रांसफार्मर तक पहुंच गई। बैंक प्रबंधक ने कर्मियों संग तुरंत ही कूड़े के ढेर और ट्रांसफार्मर में उठी चिंगारी पर काबू पा लिया। कर्मियों की सूझ-बूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया। सोमवार की शाम पीएनबी और यूनियन बैंक के सामने कूड़े के ढेर में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। तेज हवाओं की वजह से आग की लपटें पास में लगे ट्रांसफार्मर तक पहुंच गई। इससे ट्रांसफार्मर के निचले हिस्से से लपटें उठने लगीं। यूनियन बैंक के प्रबंधक प्रियांक गुप्ता ने कर्मचारियों के साथ मिलकर अग्निशमन यंत्रों से आग को बुझाया। बैंकों के आसपास जनरेटर, अस्पताल व इसी भवन में अन्य बैंक भी हैं। वहीं बाजार होने से भी भीड़ बनी रहती है। बैंक कर्मचारियों की सक्रियता से एक बड़ा हादसा बच गया। बैंक प्रबंधक ने अफसरों को फोन कर कूड़े के नियमित लगने वाले ढेर हटाने और आग लगाने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे ने बताया कि जो कर्मचारी कूड़ा छोड़कर आया है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आग लगाने वाले अज्ञात व्यक्ति का भी पता लगाया जाएगा। उन्होंने पालिका के सफाई कर्मियों को भविष्य में बैंकों के सामने कूड़ा एकत्र न करने के निर्देश भी दिए।

# द्वारिकाधीश महादेव मंदिर में श्रीमद भागवत कथा शुरू

कौसानी(उद संवाददाता)। मिनी स्विटरजरलैंड के नाम से विश्वविख्यात पर्यटक नगरी कौसानी में ब्रह्मलीन महंत श्री त्रिवेणी गिरी महाराज की पुण्यतिथि में श्रीमद्



भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू हो गया है।श्रीमहंत श्रीहरिगिरि महाराज के द्वारा भागवत कथा का आयोजन हो रहा है, दिन की कथा में वेदव्यास मोहन चंद्र पाठक शास्त्री द्वारा नारद जी के पूर्व चरित्र का वर्णन किया गया, तथा पांडवों की कथा एवं राजा परीक्षित के साथ का वर्णन की कथा सुनाई गई,इस दौरान बागेश्वर जिले के गरुड़ क्षेत्र के विभिन्न गाँवोसहित अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर घाटी के विभिन्न गाँवों के श्रद्धालु कथा श्रवण को पहुँचे। और प्रसाद ग्रहण किया,वही कथा का18 को शिवरात्रिके दिन समापन होगा, यज्ञ के मुख्य यजमान देवेंद्र सिंह तथा पूरन सिंह दोसाद एवं यज्ञ में आचार्य नवीन जोशी मनोज जोशी भुवन जोशी संवाद कर रहे हैं।

# कांग्रेस महामंत्री नवीन जोशी के भाई के निधन पर शोक

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, कांग्रेस के अध्यक्ष करण माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप आदि प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने राज्य कांग्रेस के महामंत्री नवीन जोशी के भाई रवि जोशी के निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। इन नेताओं और पार्टी के अन्य साथी नेताओं विजय सारस्वत, मथुरा दत्त जोशी, मनीष नागपाल, पूरन सिंह रावत, प्रवक्ता गरिमा दसौनी, लालचंद शर्मा शहर कांग्रेस अध्यक्ष, जसविंदर गोगी गोगी, राजेंद्र शाह, याकूब सिद्दीकी, पीके अग्रवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल की ओर से जारी संयुक्त बयान में कांग्रेस नेताओं ने नवीन जोशी के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से कांग्रेस शोक में है और पिछले 3 वर्षों में लगातार नवीन जोशी की पहले माताजी फिर दूसरे भाई और अब आखरी भाई रवि जोशी के निधन से पार्टी को जो क्षति हुई है कांग्रेसी नेता पीड़ा में हैं। उल्लेखनीय है नवीन जोशी के भाई रवि जोशी की आयु 51 वर्ष थी। वे होमगार्ड में कमांडेंट थे और पिछले कुछ वर्षों से कैंसर से पीड़ित थे। उनका निधन जौलीग्रांट अस्पताल में कल रात 12:30 हो गया। उनकी अंत्येष्टि हरिद्वार में पवित्र गंगा किनारे संपन्न हो गई।

# भट्टी में कच्ची शराब बनाता एक गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बखपुर भगवानपुर में औचक दबिश देकर नदी किनारे भट्टी में कच्ची शराब बनाते एक व्यक्ति को 70 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार कर लिया। साथ ही भट्टी और हजारों लीटर नष्ट कर दी। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध कच्ची शराब की रोकथाम व नशे के विरुद्ध अभियान में किच्छा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे चौकी कलकत्ता फार्म थाना किच्छा पुलिस टीम द्वारा ग्राम बखपुर भगवानपुर में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर नदी किनारे औचक दबिश दी। जहां एक व्यक्ति भट्टी में कच्ची शराब बनाते दिखाई दिया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता बबलू सिंह उर्फ काकू पुत्र केहर सिंह निवासी ग्राम बखपुर भगवानपुर थाना किच्छा बताया। पुलिस ने मौके से कच्ची शराब तैयार करने के उपकरणों सहित एक काले रंग की ट्यूब के अंदर लगभग 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। साथ ही शराब भट्टी व करीब 2500 लीटर लाहन नष्ट कर दिया। पुलिस ने बबलू सिंह के विरुद्ध थाना किच्छा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# व्यापार मंडल ने लगया वाटर कूलर

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागनाथ मंदिर में भक्तों को पेयजल सुविधा देने के लिए नगर व्यापार मंडल आगे आया है, नगर व्यापार मंडल ने सोमवार को बागनाथ मंदिर में वाटर कूलर स्थापित किया है। मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने बताया कि पिछले सोमवार को आयोजित बैठक में वाटर कूलर




लगाने पर सहमति हुई थी। यह कूलर में एक घंटे में 60 लीटर पानी को फिल्टर की क्षमता है। उन्होंने लोगों से इसके रखरखाव में सहयोग की अपील की है। इस मौके पर सचिव पुष्कर किरमोलिया, उपाध्यक्ष इंदू चौधरी, राहुल जोशी, किसन सोनी, नवीन लाल साह, उमेश साह, विपिन साह आदि मौजूद रहे।

# डब्ल्यूपीएल में जलवा दिखाएंगी उत्तराखंड की बेटी मानसी जोशी

देहरादून। महिला प्रीमियर लीग के लिए आयोजित ऑक्शन पूरा हो गया। भारत की स्मृति मंधाना सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। उन्हें आरसीबी ने 3.40 करोड़ में खरीदा। ऑक्शन में कुल 448 खिलाड़ियों को शामिल किया था, जिनमें से 87 खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजियों ने खरीदा। ऑक्शन में उत्तराखंड के खिलाड़ियों को भी खरीदा गया। वहीं उत्तराखंड की क्रिकेटर मानसी जोशी पर भी धनवर्षा हुई। वह महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले सीजन में दम दिखाएंगी। टिहरी निवासी मानसी जोशी को गुजरात जाइंट्स ने अपने खेमे में शामिल किया है। गुजरात ने मध्यम तेज गेंदबाज मानसी पर 30 लाख रुपये का दांव खेला। नीलामी में मानसी का बेस प्राइज 30 लाख रुपये रखा गया था। मूल रूप से टिहरी के पंतनगर की रहने वाली मानसी जोशी की कहानी भी संघर्ष से भरी रही। मानसी ने सात साल की उम्र में ही क्रिकेट का ककहरा सीखना शुरू कर दिया था। मानसी ने लड़कों के साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था। मानसी ने बताया कि उनकी मां ने हमेशा क्रिकेट के लिए प्रोत्साहित किया। वह दीवार की तरह हमेशा उनके समर्थन में खड़ी रहीं। मानसी ने बताया कि उत्तराखंड को बीसीसीआइ से मान्यता नहीं होने के कारण वर्ष 2010 से 2021 तक वह हरियाणा से घरेलू क्रिकेट खेलीं। वर्ष 2022 में वह उत्तराखंड टीम से जुड़ गईं। स्नेह और मानसी के अलावा उत्तराखंड से गेस्ट प्लेयर पूनम राउत, एकता बिष्ट, नंदनी कश्यप, राघवी बिष्ट, सारिका कोली, पूजा राज ने भी डब्ल्यूपीएल के आक्शन के लिए पंजीकरण कराया था।

## पुलवामा अटैक शहीदों को शत् शत् नमन



है नमन उनको जो धरा को अमृत देकर।
देह अपना देकर भारत मां की गोद में सो गए।
है नमन उनको जो आपने प्राण त्याग कर।
इस जगत में शौर्य की जीवित कहानी हो गए।
है नमन उनको जो भारत मां की रक्षा में
लहू की आखिरी बूंद तक लड़ पड़े।
हिमालय भी झुक गया उनके सौर्य पर
पराक्रम की अद्भुत कहानी हो गए
वह वीर नील गगन मे जीवित कहानी हो गए।
मर कर भी अमर धरा की वह कहानी हो गए।
शौर्य देखो उनके बूढ़े पिता का जवान बेटे की अर्थी को कंधा दे गए।
मां वही जो अपने दूध से भारत मां की नीव धर गई।
खून से लथपथ लाश को देखकर भी विधवा अपने पति को कांधा दे गई।
प्रिया जिसकी चूड़ियों की खनक से गूंजता परिवार
आज सरहद पर मांग का सिंदूर रोशन किया।
है नमन उस विधवा को जो पार्थिव शरीर को देखकर आंसुओं में नहा गई।
है नमन उसको जो भारत मां की गोद में प्राण त्याग आया।
जो वतन के वास्ते सीने पर गोली खा आया।
है नमन उनको जो अपने प्राण को त्याग कर जीवित अमर कहानी हो गए।

-शालिनी शर्मा रुद्रपुर

## पेज एक का शेष...

**अतिक्रमण हटाने के ..**परियोजना अधिकारी मीनू कुमारी, एसडीएम प्रत्युश सिंह सहित लोनिवि के अधिकारियों के साथ अटरिया मोड़ से लेकर डिग्री कालेज तक सड़क का मुआयना किया। इस दौरान सड़क के चौड़ीकरण के लिए दोनों ओर नपाई भी की गयी। रोडवेज के पास राममनोहर लोहिया मार्केट और सुपर मार्केट के पास अधिकारियों ने सड़क के बीच से दोनों ओर 20 मीटर की नपाई की है। जिससे वहां के व्यापारियों हड़कम्प मच गया। सड़क के बीच से दोनों ओर बीस मीटर चौड़ीकरण किया जाता है तो दोनों ओर की कई दुकानें चौड़ीकरण की जद में आनी है। राम मनोहर लोहिया मार्केट का तो अस्तित्व ही समाप्त हो सकता है। फिलहाल चौड़ीकरण के लिए हुई नपाई से अब व्यापारियों को दुकानें उजड़ने का भय सता रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने कहा कि पूर्व में नैनीताल हाईवे पर फ्लाईओवर प्रस्तावित था अब फ्लाईओवर नहीं बन रहा है। अब हाईवे का चौड़ीकरण होना है। सर्विस लेन,ग्रीन बेल्ट और फुटपाथ के लिए सड़क का चौड़ीकरण किया जाना है। इसीके लिए आज मुआयना किया गया है। मार्च में चौड़ीकरण के एनएचआई के टेंडर होगा। उसके बाद नया प्रस्ताव शासन को भेजा जायेगा। डीएम ने कहा कि चौड़ीकरण की जद में जो भी निर्माण आयेंगे उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

**बसपाईयों ने फूंका..**कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। बसपा नेताओं ने कहा कि बेहद दुर्भाग्य है कि पिछले 10 वर्षों से भी अधिक समय से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य विभिन्न पदों पर सरकार में रहते हुए महुआ खेड़ा गंज की लोगों के लिए विकास कार्य के नाम पर सड़क निर्माण का कार्य तक नहीं करवा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपना भरोसा पूरी तरह से खो दिया है। अब क्षेत्र की जनता कांग्रेस के झूठे झांसे में आने वाली नहीं है। कांग्रेस के किसी भी कार्यक्रम का औद्योगिक आस्थान महुआ खेड़ा गंज में पूरी तरह से विरोध किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को विफल करने के लिए तैयारियां युद्धस्तर पर जारी है। कार्यक्रम वाले दिन क्षेत्र के सैकड़ों लोग बसपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को काले झंडे दिखाते इसका पुरजोर विरोध करेंगे। पुतला फूंकने वालों में संकेत कुमार, बसपा नेता सलीम अंसारी, नेता अफसर अली सैफी, हबीबुर्रहमान बबलू, इब्राहिम, फईम अहमद, राजेंद्र कुमार, अजीम, वसीम, गुड्डु आदि दर्जनों थे।

**जेल में बंद..**बजरंगी की जेल के अंदर ही गोलियों से छलनी करके हत्या की गई थी। जिस दिन मुन्ना बजरंगी को जेल में शिफ्ट किया गया था उसी दिन उसकी हत्या कर दी थी। कुख्यात सुनील राठी ने मुन्ना बजरंगी की हत्या करने का इल्जाम खुद कबूल किया था। इसके बाद राठी को बागपत से दूसरी जेल में शिफ्ट किया गया। फिर दिल्ली की तिहाड़ जेल भेज दिया गया था। जिसके बाद बीते साल अक्तूबर में उसे फिर हरिद्वार जेल लाया गया।

**बाईक खाई में...** गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के मुताबिक मृतक की शिनाख्त संतराम पुत्र शेर सिंह ग्राम रताड, तहसील कालसी के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने परिजनों को इस मामले की सूचना दे दी है। घटना के बाद से ही मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।पुलिस ने बताया कि अभी तक हादसे का कारणों को पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**समाजसेवी परमजीत सिंह...**सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों का तांता लग गया। उनका दाह संस्कार बुधवार को होगा। दिवंगत परमजीत सिंह का पुत्र कनाडा में कार्यरत है। बता दें सरदार परमजीत सिंह मधुर स्वभाव के थे और सामामाजिक और धार्मिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते थे। उनके सहज और सरल स्वभाव का हर कोई कायल था। परमजीत सिंह डीपीएस स्कूल के स्वामी सरदार सुरजीत सिंह ग्रोवर, हरि सिंह ग्रोवर, और सरदार हरजीत सिंह ग्रोवर के भाई थे।

**पिता ने नाबालिग...**ने महिला से पूरी घटना की जानकारी ली। महिला का कहना है कि उसका पति बेटी से अकारण मारपीट करता है। उसकी गैरमौजूदगी में उसने बेटी के साथ दुष्कर्म जैसी शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ पाक्सो एक्ट तथा मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**फैक्ट्री से ..**किसी कबाडी या दुकानदार को बेचकर कुछ पैसे लेता। पुलिस ने आरोपी विजेन्द्र को बरामद सामान सहित अपनी हिरासत में ले कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

**सरकड़ा चौकी...**करते हुए उन्होंने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। उन पर लगे आरोपों के संबंध में खुली जांच किए जाने की संस्तुति की गई थी। राज्य सतर्कता समिति की संस्तुति पर 16 जनवरी को उन पर खुली विजिलेंस जांच करने का निर्णय लिया गया था। इस मामले में 3 माह के भीतर शासन को रिपोर्ट देने को कहा गया है।

**प्रसव के दौरान..**उसके पत्नी की मृत्यु हुई है। मृतका के पति ने कहा कि वह इस मामले में आरोपी चिकित्सकों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करेगा। मृतका का यह पहला बच्चा था।






संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रुद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नवसृजित दो थानों व तीन चौकियों का किया वर्चुअल उद्घाटन

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद के नवसृजित पुलिस थाना धौलछीना, देघाट व पुलिस चौकी अल्मोड़ा पुलिस की टीम वर्क के लिए सराहना की गयी। थाना धौलछीना के उदघाटन समारोह के दौरान एसएसपी प्रदीप कुमार राय,एडीएम सी0एस0 निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पाण्डे, थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार, प्रभारी एनएनटीएफ/पीआरओ सौरभ कुमार भारती, थाना स्टाफ व भाजपा उदघाटन के दौरान विधायक सल्ट महेश जीना, सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री पूरन चन्द्र रजवार, थानाध्यक्ष देघाट राहुल राठी, प्रभारी भौनखाल जगत सिंह, उपस्थित रहे। चौकी मजखाली के उद्घाटन के दौरान विधायक प्रतिनिधि सोमेश्वर बिशन सिंह, प्रभारी निरीक्षक उद्घाटन के दौरान मोहन सिंह मेहरा, तहसीलदार भनोली बरखा जलाल, नायब तहसीलदार दीवान सिंह सैलाल,थानाध्यक्ष दन्या जसविन्दर





जागेश्वर, मजखाली व भौनखाल का वर्चुअल उदघाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान ए0सी0एस0 उत्तराखण्ड श्रीमती राधा रतुड़ी द्वारा मर्तोलिया, एसडीएम गोपाल सिंह चौहान, सीओ विमल प्रसाद, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, निरीक्षक एलआईयू कमल कुमार पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि/सम्भ्रान्त व्यक्ति उपस्थित रहे। थाना देघाट के वर्चुअल महिला महामोर्चा अध्यक्ष देघाट श्रीमती रजनी पपने, भौनखाल चौकी के वर्चुअल उद्घाटन के दौरान थानाध्यक्ष भतरौजखान संजय पाठक, चौकी कोतवाली रानीखेत नासिर हुसैन, एसएसआई सुनील सिंह बिष्ट, चौकी प्रभारी मजखाली मोहन सिंह सोन उपस्थित रहे। चौकी जागेश्वर के सिंह, जिला पंचायत सदस्य नन्दन सिंह नेगी, चौकी प्रभारी मीना आर्या सहित चौकी स्टॉफ तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व सम्भ्रान्त व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अवैध तमंचा लेकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध तमंचा लेकर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक बदमाश को तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व



में चौकी प्रभारी राजपुरा उप निरीक्षक दिनेश जोशी व आरक्षी सुरेश सिंह सायंकालीन गश्त/चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने उसे पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता आकाश उर्फ गोलू कश्यप पुत्र स्व. नत्थू लाल निवासी राजपुरा मुन्नी कश्यप वाली गली बताया। पुलिस टीम द्वारा जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा बरामद किया गया। कड़ी पूछताछ में आकाश ने पुलिस को बताया कि वह किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने तमंचा कब्जे में लेकर आकाश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि आकाश का आपराधिक इतिहास ज्ञात करने पर पता चला कि वह पूर्व में भी जेल जा चुका है।

# तराई विकास सहकारी संघ का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। तराई विकास सहकारी संघ का वार्षिक अधिवेशन काशीपुर रोड स्थित एक होटल में संपन्न हुआ जिसमें वर्ष 2023 एवं 24 के लिए अधिकतम दायित्व 14 करोड़ के लगभग पारित हुआ समिति के सचिव विकास शर्मा ने आय व्यय प्रस्तुत करते हुए सदन के समक्ष संस्था को हुए लाभ का विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही पिछली कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई। सभी ने एक स्वर से पुष्टि की। इस मौके पर उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष दान सिंह रावत ने कहा कि कि सरकार द्वारा तराई विकास संघ को शासन द्वारा 1 एकड़ के लगभग जमीन आवंटित की गई है उसे केंद्र एवं राज्य सरकार मल्टीपरपज सोसाइटी बनाना चाहती है इसके लिए सभी को अथक प्रयास करने होंगे उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री भारत सरकार सहकारिता मत्री अमित शाह की योजना है कि पैक्स समितियां एवं क्रय विक्रय के साथ-साथ केंद्र उपभोक्ता भंडार गेहूं एवं धान खरीद करें ताकि समितियों को सशक्त बनाए जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का मानना है कि सहकारिता के क्षेत्र में उत्तराखंड ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है और इसकी मिसाल पूरे देश में दी जाती है इसके लिए सभी को सहकारिता को आगे बढ़ाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि समिति की आर्थिक स्थिति को देखते हुए संस्था हित में कर्मचारियों का वेतन वृद्धि और कटौती करने का अधिकार संस्था को मिले इसके लिए भी वह प्रयास करेंगे लेकिन संस्था को अपनी बैलेंस शीट हर हर्ष बनाने के उपरांत वार्षिक अधिवेशन करना चाहिए और अपने प्रतिनिधियों को संस्था की उपलब्धि भी पता लगे ताकि लाभ हानि का विवरण सभी को मालूम हो। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सहकारिता के जल्द चुनाव होने हैं इसके लिए सभी को अभी से लग जाना चाहिए। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष गोपाल सिंह बोरा ने कहा कि की तराई विकास सहकारी संघ अपने संसाधनों को बढ़ाने के साथ-साथ नई बुलंदियों को छू रहा है और संस्था लाभ में पहुंच रही है इसका श्रेय सभी को जाता है। इस मौके पर आए हुए सभी अतिथियोंका उन्होंने स्वागत किया। इस मौके पर नैनीताल जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी तनेजा मंडी समिति किच्छा के अध्यक्ष कमलेंद्र सेमवल उपनिबंधक एमएस मार्तोलिया टीवीएस के उपाध्यक्ष पूरन सिंह नेगी, ए आर कोऑपरेटिव तुलसी बुदियाल, संस्था सचिव एवं एडीसीओ विकास एडीओ संजय म्यान, एडीसीओ केएस रॉकली, प्रतिभा गोयल, रुचि शुक्ला, विकास रावत, अजीत कुमार, साकेत शाही, सुरेश चंद्र सती आदि थे। संचालन विकास शर्मा ने किया

# 12 लीटर कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान कच्ची शराब के एक कारोबारी को दबोच कर उसके कब्जे से 12 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब कारोबारी का पुलिस द्वारा चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक रोजाना की भांति कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने ग्राम रामजीवन पुर निवासी राकेश कुमार पुत्र कांता प्रसाद को क्षेत्र से दबोच कर उसके कब्जे से 12 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद पकड़े गए शराब तस्कर का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

# व्यापारियों ने विद्युत दर बढ़ाने का किया विरोध

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।मटर गली व्यापारी एसोसिएशन द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से विद्युत विभाग द्वारा बढ़ायी जाने वाली दरो का विरोध दर्ज किया गया। व्यापारियों ने एक स्वर से कहा कि विद्युत विभाग द्वारा एक अप्रैल से विद्युत दर बढ़ाए जाने पर आपत्ती दर्ज करते हैं। उत्तराखंड राज्य ऊर्जा प्रदेश के नाम से भी जाना जाता है। अन्य राज्यों के मुकाबले बिजली दर कम होनी चाहिए। क्योंकि उत्तराखंड राज्य कई मेगावाट बिजली पैदा करता है। वर्तमान में भी घरेलू और कामर्शियल विद्युत यूनिट दर के हिसाब से बहुत ज्यादा है। इसके अलावा फिक्स्ड चार्ज, एनर्जी चार्ज, सरचार्ज सहित कई कर लगाए जा रहे हैं।100 यूनिट के बाद दर अलग अलग है। 500 यूनिट तक एक दर होनी चाहिए। अन्य कितने तरह के चार्ज है जो आम बिजली उपभोक्ताओं को बिजली के बिल के साथ मिलते हैं जो उन्हें पता तक नहीं होता। उन्होंने कहा इसके बदले उपभोक्ताओं को कौन सी सुविधा मिलेगी । अगर आम उपभोक्ता विद्युत बिजली का इस्तेमाल करता है तो प्रति यूनिट के हिसाब से विभाग को उसका पैसा अदा करता है। इसके बाद विद्युत विभाग पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकृत प्रीपेड विद्युत मीटर भी ला रहा है इसे भी पूरी जांच के साथ ही इसे आम उपभोक्ता तक पहुचाया जाए। बैठक में कहा गया कि गर्मियों में रोस्टिंग की जाती है जिसका टाइम फिक्स होना चाहिए और आम उपभोक्ता और व्यापारी वर्ग को इसकी जानकारी समाचार पत्रो के माध्यम से दी जानी चाहिए। महीने में एक बार विद्युत विभाग द्वारा आम उपभोक्ताओं के साथ विद्युत जनता दरबार शिकायत बैठक भी करनी चाहिए। जिसमें उच्च अधिकारियों के साथ उपभोक्ता अपनी शिकायत विद्युत विभाग के उच्च अधिकारी तक पहुंच सके। बैठक में मुख्य रूप से मटरगली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, महामंत्री पंकज गुप्ता, प्रवक्ता प्रेम चौधरी, उपाध्यक्ष मोईन बाबा, अतुल गांधी,जाकिर हुसैन सिद्दीकी, लक्ष्मी नारायण, सुरेश रौतेला, जसपाल सिंह जस्सी, वकार अहमद, मो. आरिफ, त्रिलोक गुप्ता, सौरभ सिंघल टिंकू, विनोद कुमार, सरफराज हुसैन, मुकुंद गुप्ता,अनिल गुप्ता, आन सिंह जीना, आन सिंह परिहार, संदीप सक्सेना, सूरज नगदली, नारायण सिंह, शंकर जोशी, राजू गुप्ता, महेंद्र सिंह आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# बेरोजगार युवाओं के लिए संघर्ष करेगा उक्रांद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड क्रांति दल की जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्र भट्ट की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में उत्तराखंड में चल रहे युवाओं उनियाल ने कहा भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं के इस आंदोलन को उसकी मंजिल में पहुंचाने के लिए उत्तराखंड क्रांति दल पूरे जोर-शोर से मैदान में उतरेगा। उन्होंने कहा स्टूडेंट फेडरेशन रिहा किया जाए। अन्यथा उत्तराखंड क्रांति दल प्रदेश भर में सड़कों में उतर कर आंदोलन करेगा। बैठक में उत्तराखंड स्टूडेंट फेडरेशन के कुमाऊं मंडल संयोजक देवेश सेन, उक्रांद के



के आंदोलन को धारदार बनाने पर चर्चा करते हुए बेरोजगार युवाओं के आंदोलन में सक्रिय रूप से भागीदारी करने का निर्णय लिया गया। उक्रांद केंद्रीय महामंत्री (संगठन ) सुशील के गढ़वाल मंडल संयोजक लुसन टोडरिया और बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पवार व उनके साथियों पर लगी सभी धाराओं को हटाया जाए और जल्द से जल्द ही उन्हें जेल से केंद्रीय कोषाध्यक्ष तेज सिंह कार्की, महानगर अध्यक्ष पवन बिष्ट, सुरेश जोशी, नरेंद्र सिंह थायत ,राहुल भट्ट , एडवोकेट एसएन बिष्ट, हरीश जोशी आदित्य जोशी आदि शामिल रहे।

# वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश का किया स्वागत

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। लघु व्यापार एसोसिएशन के महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा को भारतीय जनता पार्टी में उनकी कार्य शैली को देखते हुये पुन: सुरेश शर्मा का विधायक शिव अरोरा की मौजूदगी में जोरदार स्वागत किया। व्यापारियों ने विधायक श्री अरोरा तथा मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा का



दक्षिणी मण्डल मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर मनो नियत किया गया है। जिससे लघु व्यापारियों में खुशी की लहर है। लघु व्यापारियो ने गुड़ मंडी में अपने अध्यक्ष माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए मिष्ठान वितरित किया। सुरेश शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें सदेव सम्मान दिया है। पूर्व में वार्ड अध्यक्ष बनाया था। उन्होंने कहा पार्टी को मजबूत बनाने के साथ ही लघु व्यापारी एसोसिएशन की समस्याओं का समाधान करता रहूंगा। शर्मा ने मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी, विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, विकास शर्मा, सुशील यादव, उत्तम दत्ता,सुरेश कोली,सुरेश परिहार, मेयर समसिहं रामपाल सिह, रामप्रकाश गुप्ता, नेत्रपाल मौर्य आदि का आभार जताया। स्वागत करने वालों में सुभाष गुप्ता, पावन अग्रवाल, अशोक रस्तोगी, सुभाष रस्तोगी, प्रहलाद सिंह, राजू कोली, आनन्द, वासू, पप्पू धीमर, प्रेम दिवाकर, संजय कोली, विश्व नाथ यादव, दिनेश रस्तोगी, सुशील सागर, देशराज, महेन्द्र सागर, रिंकू सांगर, अजीत मण्डल, ओमी सरकार, चमन कोली, प्रेमकोली आदि शामिल थे।

# 148 लोगों का होगा मोतियाबिंद का ऑपरेशन

बागेश्वर( उद संवाददाता)। अंधता निवारण सप्ताह के तहत सवेरा कल्याण समिति के तत्वावधान में यहां नेत्र शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी जोशी ने नेत्र शिविर का उदघाटन किया, सीएमओ जोशी ने कहा कि आंखों के प्रति लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। धुंआ, धूल आदि से उन्हें बचाना होगा। आंखें ही जीवन का आधार हैं।नेत्र है तो संसार है, हम सभी को अपनी आंखों का ख्याल रखना चाहिए, सरकार और स्वास्थ्य विभाग शिविर आदि के जरिए लोगों को जागरूक कर रही है। सोमवार को सीएमओ जिला अस्पताल परिसर पर मोतियाबिंद सर्जरी के लिए आयोजित नेत्र शिविर का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने लोगों से आंखों की नियमित जांच करने की अपील की। इसी के साथ अपनी डाइट में ओमेगा थ्री फैटी एसिड को भी शामिल करना



चाहिए। शिविर में पहले दिन 148 नेत्र रोगियों की जांच की गई। उनका मोतियाबिंद का ऑपरेशन होगा। यह शिविर 16 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. हरीश पोखरिया, सीएमएस डॉ. वीके टम्टा आदि उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष शंकर बोरा ने बताया कि गत दिनों पूरे जिले में आंखों की जांच के लिए शिविर लगाया गया। जांच के बाद करीब 150 लोग ऑपरेशन के लिए चयनित हुए हैं।